

**गुस्ताखी माफ**

इयूटी पर यदि सब रखें, खान-पान का ध्यान।
इधर-उधर फिर हाथ हम, क्यों मारें श्रीमान।
क्यों मारें श्रीमान, बहाये पुलिस पसीना।
कितना अच्छा रहे, मिले यदि खाना-पीना।
कह साहिल कविराय, व्यर्थ ना हम से डरिए।
बहुत मिलेगा पुण्य, पुलिस की सेवा करिए।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 151 | THURSDAY 11-06-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# शहरभर में गूंजी थप्पड़ों की गूंज

लुधियाना/यूटर्न/10 जून। लुधियाना शहर एक बार फिर से थप्पड़ों की आवाज से गूंज उठा। नगर निगम में पड़े इन थप्पड़ों की आवाज इतनी ज्यादा थी कि हर किसी को सुनाई दे डाली। जिसके बाद एक बार तो लोगों को डॉक्टर डैग के थप्पड़ की याद आ गई। इस बार यह विवाद फिर से नगर निगम ऑफिस में हुआ। दरअसल, जोन-बी में अकाली दल के पार्षद कमल अरोड़ा और बीएंडआर के एसई प्रवीन सिंगला में झगड़ा हो गया। झगड़ा इतना बढ़ गया कि दोनों ने एक दूसरे के दे थप्पड़ मार डाले। हालांकि पहले तो सिर्फ एसई सिंगला को थप्पड़ मारने का मामला सामने आया था। लेकिन बाद में पता चला कि दोनों तरफ से जमकर हाथापाई हुई। इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। जिसके बाद एसई सिंगला और पार्षद अरोड़ा बिना कुछ बोले मौके से चले गए। यह पहला मामला नहीं है, जब निगम में थप्पड़ चले हो। इससे पहले भी निगम के ठेकेदार को कांग्रेस लीडर इंद्रजीत इंदी ने थप्पड़ मारा था, जबकि उससे पहले बिल्डिंग इंस्पेक्टर और पत्रकार के बीच हाथापाई हुई थी।

## देर रात पार्षद ओर PA पर FIR



घटनाक्रम के बाद ऑफिस से जाते दिखे एसई सिंगला



## मेरे पास नहीं आई शिकायत

एडिशनल कमिश्नर नीरज जैन ने कहा कि उन्हें मामले की पूरी जानकारी नहीं है और न ही उनके पास कोई शिकायत पहुंची है। शिकायत आएगी, तो ही मामले का पता चल पाएगा।

## अधिकारी को राजनीति में नहीं पड़ना चाहिए



अकाली दल के पूर्व विधायक रणजीत सिंह ढिल्लों ने कहा कि अकाली दल पार्टी अपने पार्षद के साथ खड़ी है। अधिकारियों को समझना चाहिए कि जो कौंसलर काम लेकर आया वो जनता का है। उनसे ऐसा व्यवहार नहीं करना चाहिए। किसी अधिकारी को राजनीति में नहीं पड़ना चाहिए।

## अधिकारी ने बोलने से किया गुरेज

एसई प्रवीन सिंगला को निगम ऑफिस में रोककर मामले संबंधी पूछा गया। लेकिन उन्होंने कुछ भी बोलने से गुरेज किया। जिसके बाद कार में बैठकर चले गए।

## कांग्रेस नेता ने भी मारा था थप्पड़

करीब दो महीने पहले सग्गू चौक से लेकर हैबोवाल चौक तक बन रही सड़क को लेकर काफी विवाद खड़ा हुआ था। यह विवाद इतना बढ़ गया था कि पार्षद पति व कांग्रेसी नेता इंद्रजीत सिंह इंदी द्वारा रात को जाकर सड़क बना रहे ठेकेदार के वर्कर के थप्पड़ जड़ दिए थे। जिसके बाद विवाद ने तूल पकड़ा और इंद्रजीत इंदी पर मामला दर्ज हुआ। फिर उनकी गिरफ्तारी भी हुई थी। हालांकि बाद में जमानत मिल गई।

## काम न होने पर शिकायत लेकर पहुंचे थे पार्षद

जानकारी के अनुसार कमल अरोड़ा वॉर्ड नंबर 20 से शिरोमणि अकाली दल पार्टी की तरफ से पार्षद है। उनका आरोप था कि उनके वॉर्ड के काम नहीं हो रहे, जिसके लिए एसई प्रवीन सिंगला अड़चन लगा रहे हैं। जिसके चलते वह बुधवार को अपनी शिकायत लेकर निगम ऑफिस पहुंचे थे। जहां बातचीत के दौरान दोनों में बहस हो गई।

## गुलाम बन चुके हैं अधिकारी



पार्षद कमल अरोड़ा ने एक वीडियो जारी कर कहा कि आज जो प्रवीन सिंगला के साथ गर्मागर्मी हुई, वो काम न करने के कारण हुई। अफसर साहिबान मौजूदा सरकार का पक्ष लेकर विरोधी पार्षदों के काम नहीं कर रहे। मेरे वार्ड में सड़क टूटने के कारण दो जख्मी हुए और एक बच्चे की मौत हुई। दो महीने से रोड रिपेयर नहीं हुई। उस मुद्दे को लेकर प्रवीन सिंगला को मिला। उनका कहना है कि एमएलए के कहने पर बाकी गलियों में पैच वर्क चल रहा है। ये अफसर गुलामी कर रहे हैं उन लोगों की जो सरकार के साथ चलते हैं। विपक्षी पार्षदों के काम नहीं होते। प्रवीन सिंगला तीन दिन से फोन नहीं उठा रहे, मीटिंग में व्यस्त की बात कहते हैं।

## इंस्पेक्टर और पत्रकार में हुई थी हाथापाई

- वहीं बता दें कि करीब पांच महीने पहले नगर निगम जोन-डी में एक वाक्य हुआ था। जिसमें निगम बिल्डिंग ब्रांच के इंस्पेक्टर कुलजीत सिंह मांगट और एक पत्रकार के बीच झगड़ा हुआ था। यह झगड़ा इतना बढ़ गया कि बात हाथापाई तक पहुंच गई। दोनों पक्षों ने थानों में शिकायत भी दी थी। हालांकि बाद में राजीनामा हो गया था।



## मिलकर काम करने की जरुरत

- डिप्टी मेयर प्रिंस जौहर ने कहा कि पार्षद किसी भी पार्टी का हो, इससे मतलब नहीं है। लेकिन सभी को मिलकर काम करना चाहिए। अधिकारियों को भी पार्षदों की बात सुननी चाहिए और पार्षदों को भी अफसर की गरिमा का ध्यान रखना जरुरी है।

# दिल्ली पहुंचने से पहले एयर इंडिया की फ्लाइट में हंगामा, यात्री ने खिड़की का शीशा तोड़ा, गिरफ्तार

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/10 जून। चंडीगढ़ से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-1879 में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक यात्री ने विमान की खिड़की के अंदरूनी शीशे को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना विमान के दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने से ठीक पहले हुई। यात्री की हरकत से विमान में सवार अन्य यात्रियों में दहशत फैल गई, जबकि केबिन क्रू को स्थिति संभालने के लिए तत्काल हस्तक्षेप करना पड़ा। जानकारी के अनुसार उड़ान के अधिकांश समय तक सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन जैसे ही विमान दिल्ली हवाई क्षेत्र में पहुंचा और लैंडिंग की प्रक्रिया शुरू हुई, एक यात्री अचानक आक्रामक हो गया। उसने अपनी सीट के पास स्थित खिड़की के अंदरूनी पैनल पर लगातार प्रहार करना शुरू कर दिया, जिससे शीशा टूट गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक क्रू सदस्यों ने उसे शांत कराने और रोकने की कई बार कोशिश की, लेकिन उसने चेतावनियों की अनदेखी की। घटना की जानकारी मिलते ही कॉकपिट क्रू ने सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत दिल्ली एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) और संबंधित सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया। पायलटों ने स्थिति पर नियंत्रण बनाए रखते हुए विमान को सुरक्षित तरीके से आईजीआई एयरपोर्ट पर उतारा। विमान के लैंड करते ही सीआईएसएफ और एयरपोर्ट सुरक्षा कर्मी विमान के भीतर पहुंचे और आरोपी यात्री को हिरासत में ले लिया। सूत्रों के अनुसार हिरासत में लिए जाने के दौरान आरोपी ने भागने का प्रयास भी किया, लेकिन सुरक्षा कर्मियों ने उसे तुरंत काबू कर लिया। बाद में उसे आगे की जांच और कानूनी कार्रवाई के लिए दिल्ली पुलिस के हवाले कर दिया गया। एयर इंडिया ने घटना को गंभीर सुरक्षा उल्लंघन मानते हुए मामले को अपनी आंतरिक समिति के पास भेज दिया है। एयरलाइन के अनुसार यात्री के व्यवहार को 'अनियंत्रित यात्री आचरण' की श्रेणी में रखा गया है और जांच रिपोर्ट के आधार पर उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सकती है। इसमें भविष्य में हवाई यात्रा पर प्रतिबंध लगाने का विकल्प भी शामिल है। घटना में किसी यात्री या क्रू सदस्य के घायल होने की सूचना नहीं है। हालांकि, उड़ान के अंतिम चरण में हुई इस घटना ने यात्रियों के बीच कुछ समय के लिए भय और असुरक्षा का माहौल पैदा कर दिया। सुरक्षा एजेंसियां अब आरोपी से पूछताछ कर यह पता लगाने में जुटी हैं कि उसने यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया।



# वर्ष 2027 विधान सभा के लिए भाजपा कर रही 117 सीटों पर चुनाव की तैयारी– केवल सिंह ढिल्लों



## भाजपा पंजाब के नवनियुक्त वरिष्ठ नेता केवल सिंह ढिल्लों ने लुधियाना दौरे के दौरान उद्योग, कानून व्यवस्था, नशे, निवेश और अकाली दल से गठबंधन जैसे मुद्दों पर खुलकर रखी राय

लुधियाना/यूटर्न/10 जून। भाजपा पंजाब में नई जिम्मेदारी मिलने के बाद पहली बार औद्योगिक राजधानी लुधियाना पहुंचे वरिष्ठ भाजपा नेता और उद्योगपति केवल सिंह ढिल्लों ने प्रदेश की राजनीति, उद्योगों की स्थिति, कानून व्यवस्था और 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी रणनीति साझा की। उन्होंने दावा किया कि भाजपा पंजाब में अपने दम पर सरकार बनाने की तैयारी कर रही है और 117 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। प्रस्तुत हैं बातचीत के प्रमुख अंश:

**भाजपा 2027 के चुनाव में किस रणनीति के साथ उतरेगी?**

भाजपा ने स्पष्ट कर दिया है कि हम 117 सीटों पर तैयारी कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य पंजाब में अपनी सरकार बनाना है। हम महाराजा रणजीत सिंह के सुशासन की भावना को आगे बढ़ाना चाहते हैं, जहां सभी को समान नजर से देखा जाता था।

**लुधियाना के उद्योगपतियों और कारोबारियों को क्या संदेश देना चाहेंगे?**

लुधियाना पंजाब की आर्थिक रीढ़ है। यहां के व्यापारी मेहनती और दूरदर्शी हैं। मैं खुद को सौभाग्यशाली मानता हूं कि मेरी पहली यात्रा लुधियाना में हुई। भाजपा व्यापार और उद्योग के लिए बेहतर माहौल देने के लिए प्रतिबद्ध है।




**पंजाब को फिर से औद्योगिक रूप से मजबूत बनाने के लिए आपका रोडमैप क्या है?**

उद्योगपतियों को सबसे पहले अनुकूल माहौल चाहिए। व्यापारी सिर्फ इतना चाहता है कि उसे अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। नोटिस, इंस्पेक्टर राज और विभिन्न प्रकार के दबावों से व्यापारी परेशान हैं। भाजपा की सरकार बनने पर उद्योगों को प्रोत्साहन और सरल व्यवस्था दी जाएगी ताकि निवेश बढ़ सके।

**आप स्वयं उद्योगपति हैं। पंजाब के उद्योगों की वर्तमान स्थिति को कैसे देखते हैं?**

उत्तर (केवल सिंह ढिल्लों): किसी भी राज्य की तरक्की में उद्योग और व्यापार की सबसे बड़ी भूमिका होती है। आज पंजाब का उद्योग लगातार दूसरे राज्यों की ओर जा रहा है। लुधियाना की साइकिल इंडस्ट्री तक उत्तर प्रदेश की ओर शिफ्ट हो रही है। व्यापारी और उद्योगपति खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे। जब सुरक्षा नहीं होगी तो निवेश कैसे आएगा?

**आप बार-बार कानून व्यवस्था की बात कर रहे हैं। क्या यह उद्योगों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है?**

बिल्कुल। पंजाब में गैंगस्टरवाद और नशे ने गंभीर स्थिति पैदा कर दी है। व्यापारी वर्ग फिरौती और अपराध के डर में जी रहा है। जब तक कानून व्यवस्था मजबूत नहीं होगी, तब तक बड़े निवेश नहीं आएंगे।

**क्या शिरोमणि अकाली दल के साथ गठबंधन की कोई संभावना है?**

इस समय ऐसी कोई संभावना नहीं है। भाजपा 117 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। फिलहाल अकाली दल के साथ किसी प्रकार के गठबंधन का कोई फैसला नहीं है।

**भाजपा पर आरोप लगता है कि पंजाब में उसके अधिकांश बड़े चेहरे दूसरी पार्टियों से आए हुए हैं?**

लोकतंत्र में हर व्यक्ति को अपनी राजनीतिक सोच के अनुसार पार्टी चुनने का अधिकार है। अगर दूसरे दलों के नेता भाजपा में आ रहे हैं तो इसका मतलब है कि उन्हें भाजपा का भविष्य बेहतर दिखाई देता है। भाजपा का ट्रैक रिकॉर्ड देश के 22 राज्यों में दिखाई देता है।

**हाल ही में प्रवर्तन निदेशालय (एऊ) की कार्रवाई को लेकर व्यापारी वर्ग में डर का माहौल बताया जा रहा है। इस पर क्या कहेंगे?**

यह केवल भ्रम फैलाया जा रहा है। भाजपा हमेशा व्यापारी वर्ग के साथ खड़ी रही है और आगे भी खड़ी रहेगी। ईमानदारी से काम करने वालों को डरने की जरूरत नहीं है।

***नशे और कानून व्यवस्था को लेकर भाजपा क्या भरोसा देती है?***

*केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी पंजाब में इस विषय पर चिंता जता चुके हैं। भाजपा का मानना है कि सख्त कार्रवाई और स्पष्ट नीति से नशे तथा गैंगस्टरवाद पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सकता है। पंजाब को फिर से देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करना हमारा लक्ष्य है।*

***पंजाब के भविष्य को लेकर आपका अंतिम संदेश?***

*पंजाब कभी देश का अग्रणी राज्य हुआ करता था। हमारे पास मेहनती लोग, मजबूत उद्योग और समृद्ध संस्कृति है। सही नीतियों और बेहतर प्रशासन के जरिए पंजाब को फिर से नंबर-वन राज्य बनाया जा सकता है। भाजपा इसी लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है।*

*'व्यापार को सुरक्षा, उद्योग को समर्थन और युवाओं को रोजगार देना भाजपा की प्राथमिकता होगी'*
*— केवल सिंह ढिल्लों*

# चंडीगढ़ में आम आदमी पार्टी के अल्पसंख्यक विभाग की कमान शादाब राठी को

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/10 जून। आम आदमी पार्टी ने संगठन को और मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए समाजसेवी शादाब राठी को चंडीगढ़ इकाई के अल्पसंख्यक विभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी नेतृत्व द्वारा की गई इस नियुक्ति को आगामी नगर निगम चुनावों और विभिन्न वर्गों तक संगठन की पहुंच बढ़ाने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। नियुक्ति के बाद शादाब राठी ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन पर जताया गया विश्वास उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि वह आम आदमी पार्टी की विचारधारा, जनहित की नीतियों और जनसेवा के मिशन को घर-घर तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। शादाब राठी ने आम आदमी पार्टी के चंडीगढ़ प्रभारी जर्नैल सिंह, प्रदेश अध्यक्ष विजय पाल सिंह, प्रदेश महासचिव सन्नी औलख, वरिष्ठ प्रदेश महासचिव एवं पार्षद हरदीप सिंह, पूर्व मेयर कुलदीप कुमार तथा पार्टी हाईकमान का विशेष रूप से धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व द्वारा दिए गए इस महत्वपूर्ण दायित्व को वह पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाएंगे और संगठन की मजबूती के लिए जमीनी स्तर पर काम करेंगे। उन्होंने कहा



कि अल्पसंख्यक विभाग को और अधिक सक्रिय बनाते हुए समाज के विभिन्न वर्गों को पार्टी से जोड़ने का अभियान चलाया जाएगा। साथ ही युवाओं, महिलाओं और अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की भागीदारी बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। राठी ने कहा कि आम आदमी पार्टी की नीतियां आम जनता के हितों को केंद्र में रखकर बनाई गई हैं और इन्हें लोगों तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। शादाब राठी ने कहा कि चंडीगढ़ में आगामी नगर निगम चुनावों को देखते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मिलकर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करेंगे ताकि आम आदमी पार्टी शहर की जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतर सके।

लुधियाना

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

03  गुरूवार, 11 जून 2026




पेज 06 श्रीमद्भागवत महापुराण केवल एक धार्मिक ग्रंथ...






# एक शोरुम की आधे घंटे बाद तो दूसरी निर्माणाधीन बिल्डिंग की महिला अफसर की सिफारिश पर खोली सील

## लुधियाना कारपोरेशन में सील-अनसील का खेल शुरू

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/10 जून। लुधियाना कारपोरेशन की और से शहर में बिल्डिंगों की सील और अनसील का खेल शुरू कर दिया गया है। जिसके चलते धड़ल्ले से शहर की इमारतों को कभी सील किया जाता है और फिर सेटिंग होने के बाद सील हटा दी जाती है। लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि जो इमारत इललीगल होने के चलते एक बार सील कर दी गई, फिर वे चंद मिनटों बाद लीगल कैसे हो सकती है। जिसके चलते निगम अधिकारियों के प्रति बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं। ताजा मामला लुधियाना की कारपोरेशन जोन-ए के सामने आए हैं। जहां चांद सिनेमा रोड पर बने चार मंजिलां मरवाहा मैन्स वेयर गारमेंट शोरुम और भदौड़ हाउस में निमार्णाधीन पांच मंजिलां इमारत को पहले सील किया गया, फिर सीलें खोल भी दी गई। चर्चा है कि मरवाहा मैन्स वेयर की सील तो आधे घंटे बाद ही खोल डाली, जबकि भदौड़ हाउस वाली इमारत की सील निगम की एक महिला अधिकारी की सिफारिश के बाद खोली गई है। अब महिला अधिकारी के नाम को लेकर चर्चा छिड़ी हुई है। अब देखना होगा कि इन मामलों में निगम कमिश्नर डॉ. नीरू कत्याल गुप्ता द्वारा क्या एक्शन लिया जाता है।




मरवाहा मैन्स वेयर शोरुम मालिक द्वारा दो इमारतें जोड़कर एक बनाई



भदौड़ हाउस की इमारत की सील खुलने पर काम करते वर्कर

### मामले को घुमाने में लगे अधिकारी

चर्चा है कि मरवाहा मैन्स वेयर शोरुम मालिक सिमरन द्वारा 30 गज की जगह पर ग्राउंड और फस्ट फ्लौर कमर्शियल इमारत बनाई। फिर साथ में 20 गज जमीन खरीद इमारत बना दोनों को जोड़ लिया। फिर दोनों को मिलाकर चार मंजिलां बना डाली। पहले तो निगम अफसरों और एक राजनेता की सेटिंग के चलते मामला दबा रहा। विवाद बढ़ा तो अधिकारियों ने शोरुम मालिक से ग्राउंड और फस्ट फ्लौर के पैसे जमा करवाए। अब अधिकारी उक्त बिल्डिंग का पूछते हैं तो बिल्डिंग ब्रांच के एटीपी-इंस्पेक्टर बिल्डिंग के पैसे जमा होने का कहकर टाल मटोल करते हैं। असलियत में फस्ट फ्लौर तक के पैसे जमा है। उसके ऊपर न तो पैसे जमा हो सकते हैं और न ही दो इमारतें इकट्ठी की जा सकती है। भ्रष्ट अधिकारी इन कमियों को छिपाने में लगे हैं।

### महज आधा घंटा नहीं टिक सकी सील

चर्चा है कि मरवाहा मैन्स वेयर शोरुम की बिल्डिंग की फस्ट फ्लौर से ऊपर बनी मंजिलों को निगम अफसरों द्वारा सील कर दिया गया था। लेकिन शोरुम मालिक इतना बाहुबली है कि उसने एक राजनेता के जरिए महज आधे घंटे में सील खुलवा ली। जिसके बाद अफसरों से मिलीभगत हुई और आखिर मामला शांत हो गया। आज के समय में कोई अफसर चाहकर भी उक्त इमारत पर एक्शन नहीं ले पा रहा।

### बिल्डिंग की सभी फीसें जमा है

मरवाहा मैन्स वेयर शोरुम मालिक सिमरन का कहना है कि उन्होंने बिल्डिंग संबंधी सभी जुमार्ने और फीसें जमा करवा दी है। उन्होंने लीगल निर्माण किया है। जबकि कुछ समय पहले सिमरन निर्माण कराने की बात से ही मुकर गए थे और छत से पानी टपकने की मुरम्मत की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया था।



### नए-नए बहाने हो रहे तैयार

- वहीं चर्चा है कि भदौड़ हाउस बिल्डिंग को लेकर अब नए नए बहाने तैयार किए जा रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि ऊपरी मंजिलें सील है, काम सिर्फ नीचे की मंजिलों पर चल रहा है। लेकिन मौके की तस्वीरें सामने आई है, जिसमें वर्कर ऊपरी मंजिलों पर काम करते दिख रहे हैं। अब इस मामले को भी बिल्डिंग ब्रांच अधिकारी घूमाने में जुट गए हैं। बिल्डिंग का अवैध निर्माण गिराना तो दूर की बात है, बल्कि सील के बहाने बनाकर मामले को उलझाने का प्रयास किया जा रहा है।

### मेरे चार्ज लेने से पहले खुली सील, मरवाहा की ऊपरी मंजिलें गलत

- *इंस्पेक्टर गुरविंदर पाल सिंह लक्की का कहना है कि मरवाहा मैन्स वेयर के फस्ट फ्लौर तक के पैसे जमा है। उससे ऊपर के न तो पैसे जमा है और न ही हो सकते हैं, वे न ही लीगल हो सकती है। इसकी जांच करवाई जाएगी। वहीं, भदौड़ हाउस बिल्डिंग उनके चार्ज लेने से पहले खोली गई है। ऊपरी मंजिलें सील है, सिर्फ नीचे वाले हिस्से को बनाने की परमीशन दी है।*



### महिला अफसर के कहने पर 3 महीने बाद सील खुली

चर्चा है कि भदौड़ हाउस में एससीएफ की जगह पर पांच मंजिलां इमारत बन रही है। इललीगल इमारत होने के चलते करीब तीन महीने पहले इसे सील किया था। लेकिन अब सील खोल दी और निर्माण कार्य फिर से शुरू हो गया। चर्चा है कि उक्त सीलिंग निगम की एक महिला अधिकारी की सिफारिश के बाद खोली है। उक्त बिल्डिंग मालिक एक बिचौले के जरिए महिला अधिकारी से मिले। मुलाकात के बाद सील खोलने के आदेश दिए। चर्चा छिड़ गई है कि इस मीटिंग में आखिर ऐसा क्या हुआ कि अधिकारी मान गए। अब सच में महिला अधिकारी के कहने पर सील खुली या नीचे सत्र के अफसरों ने खोलकर जानबूझकर अधिकारी का नाम लगा दिया, यह आने वाले समय में पता चलेगा।

# क्या फिर से ट्राइडेंट ग्रुप की फैक्ट्री पर कसा जाएगा शिकंजा ?

लुधियाना/यूटर्न/9 जून। पंजाब में जल्द ही बड़ी हलचल होने की संभावनाएं जताई जा रही है। एक बार फिर से राज्यसभा सांसद राजेंद्र गुप्ता के ट्राइडेंट ग्रुप की पंजाब के धोला स्थित फैक्ट्री पर प्रशासन द्वारा शिकंजा कसा जा सकता है। चर्चा है कि फैक्ट्री में अनियमिताओं के चलते उक्त यूनिट को बंद करने के आदेश दिए गए हैं। जिसके चलते कयास लगाए जा रहे हैं कि जल्द उक्त यूनिट बंद हो सकता है। वहीं यह भी चर्चा है कि कंपनी को भी इस कार्रवाई का पता चल चुका है। जिसके चलते कंपनी ने अपने मुलाजिमों को दूसरे यूनिटों में शिफ्ट करना शुरू कर दिया है। वहीं नए ऑर्डर भी लेने बंद कर दिए गए हैं। सभी कर्मी व वस्तुएं मध्यप्रदेश के बुधनी प्लांट पर ट्रांसफर की जा रही है। चर्चा है कि पहले पंजाब प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड की और से कंपनी के उक्त यूनिट में जांच की गई थी। जिसके बाद कंपनी में कई तरह की लापारवाही सामने आने के आरोप लगाए गए थे। हालांकि इसके बाद कंपनी के अधिकारी हाईकोर्ट पहुंच गए। कोर्ट ने प्रशासन से कंपनी को 30 दिन का समय देने के ऑर्डर किए थे। ऐसे में चर्चा है कि अब कंपनी को नोटिस जारी किया गया है। जिसमें 30 दिन बाद कंपनी बंद करने के आदेश जारी किए गए हैं।






**राजनीति से प्रेरित बताई जा रही कार्रवाई...**बता दें कि ट्राइडेंट ग्रुप के मालिक राजेंद्र गुप्ता को आम आदमी पार्टी द्वारा राज्यसभा मेंबर बनाया गय था। जिसके बाद गुप्ता छह अन्य सांसदों के साथ आप छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। जिसके बाद अचानक ट्राइडेंट ग्रुप पर कार्रवाई शुरू हुई। जिसके चलते गुप्ता व बाकी छह सांसदों द्वारा इस कार्रवाई को राजनीति से प्रेरित बताया गया था।

**मांगों को लेकर कर्मियों में नाराजगी...**ट्राइडेंट फैक्ट्री में करीब ढाई वर्ष पहले हुए कर्मचारी आंदोलन के बाद अब फिर से कर्मचारियों में असंतोष बढ़ने की खबरें सामने आ रही हैं। श्रमिक संगठनों का आरोप है कि फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा किए गए कुछ फैसलों से कर्मचारियों के हित प्रभावित हो रहे हैं, जिससे उनमें नाराजगी बढ़ रही है। जानकारी के अनुसार, वर्ष 2023 में ट्राइडेंट फैक्ट्री में कर्मचारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर बड़ा आंदोलन किया था। उस समय मामला राज्य सरकार और श्रम विभाग के हस्तक्षेप के बाद शांत हुआ था। अब करीब 30 महीने बाद फिर से कर्मचारियों के बीच विरोध की चचाएं तेज हो गई हैं। श्रमिक नेताओं का कहना है कि कर्मचारियों से जुड़े कई मुद्दे अभी भी लंबित हैं। ऐसे में आशंकाएं जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में यह विरोध और तेज हो सकता है।

Uturn Time 11 June 2026_Layout 2 10-06-2026 23:56 Page 4



# जनता के बीच जाएगी सरकार, 12 साल के कामकाज का होगा बड़ा प्रचार अभियान

चंडीगढ़/यूटर्न/10 जून। हरियाणा सरकार अपनी 12 वर्षों की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए 20 जून तक राज्यभर में विशेष प्रचार एवं जन-जागरूकता अभियान चलाएगी। इस अभियान के तहत प्रदर्शनी, जनकल्याण शिविर, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान और विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण गुप्ता ने सभी उपायुक्तों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की और अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस दौरान मंत्री, सांसद, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि जनता के बीच जाकर सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी देंगे।

अभियान के दौरान जिला मुख्यालयों पर 'प्रगति पथ' प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जिसमें सरकार के 12 वर्षों के विकास कार्यों और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाएगा। वहीं,





बच्चों के लिए विकसित भारत-विकसित हरियाणा विषय पर चित्रकला और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी।

सरकार ने इस दौरान विशेष वृक्षारोपण और स्वच्छता अभियान चलाने का भी फैसला लिया है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा। किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करने के लिए शिविर लगाए जाएंगे, जबकि पशु संवर्धन मेलों का भी आयोजन होगा।

जनकल्याण शिविरों में आयुष्मान भारत, पीएम सूर्य घर, पीएम स्वनिधि और लखपति दीदी जैसी योजनाओं के लिए पात्र लोगों का पंजीकरण किया जाएगा। साथ ही नागरिकों की समस्याओं का मौके पर समाधान करने का प्रयास भी होगा। अरुण गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंच सके।

# राष्ट्रपति ने मेजर अर्शदीप सिंह गिल को कीर्ति चक्र से किया सम्मानित

मोहाली/यूटर्न/10 जून। सेक्टर 79 मोहाली के भारतीय सेना के जांबाज अधिकारी मेजर अर्शदीप सिंह गिल को उनकी असाधारण वीरता और कर्तव्यनिष्ठा के लिए देश के दूसरे सर्वोच्च शांतिकालीन वीरता पुरस्कार कीर्ति चक्र से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में आयोजित रक्षा अलंकरण समारोह में प्रदान किया। मेजर अर्शदीप सिंह गिल, जो द आर्मर्ड कोर और 1 असम राइफल्स से संबद्ध हैं, ने मणिपुर में एक चुनौतीपूर्ण और जोखिमपूर्ण सैन्य अभियान के दौरान अद्वितीय साहस, नेतृत्व क्षमता और दृढ़ संकल्प का






परिचय दिया। करीब 84 घंटे तक चले ऑपरेशन में उन्होंने अपनी टीम का नेतृत्व करते हुए आतंकवादियों के खिलाफ सफल कार्रवाई को अंजाम दिया और मिशन को सफलता पूर्वक पूरा किया। सेना के सूत्रों के अनुसार, अभियान के दौरान मेजर गिल ने विपरीत परिस्थितियों में भी असाधारण वीरता का प्रदर्शन किया, जिसके लिए उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया। उनकी बहादुरी और समर्पण की देशभर में सराहना हो रही है। मेजर अर्शदीप सिंह गिल की इस उपलब्धि से पंजाब सहित पूरे देश को गौरव की अनुभूति हुई है। उनके सम्मानित होने पर परिवार, मित्रों और शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। सेना और सुरक्षा बलों से जुड़े अधिकारियों ने इसे युवाओं के लिए प्रेरणादायक उदाहरण बताया है। मेजर गिल की यह उपलब्धि देश सेवा, साहस और कर्तव्य के प्रति समर्पण की एक मिसाल के रूप में देखी जा रही है।

## इथेनॉल फ्यूल विवाद: भारत में ई85 फ्यूल आया, लेकिन इसमें एक बड़ी पेच ?

नई दिल्ली/यूटर्न/10 जून। पहले ई20 और अब ई85 फ्यूल के लॉन्च के साथ भारत का इथेनॉल-ब्लेंडिंग प्रोग्राम एक नए दौर में पहुँच गया है। लेकिन इस डेवलपमेंट ने लाखों गाड़ी मालिकों के मन में एक अहम सवाल भी खड़ा कर दिया है: क्या उनकी कारें और मोटरसाइकिलें इस नए फ्यूल पर चल सकती हैं? ज्यादातर मामलों में, इसका जवाब 'नहीं' है। 5 जून को दिल्ली के पूसा रोड पर इंडियन ऑयल के आउटलेट पर पहला ई85 डिस्पेंसिंग स्टेशन शुरू किया गया। राजधानी में इसकी कीमत 82.12 रुपये प्रति लीटर है, जो ई20 पेट्रोल से लगभग 20 रुपये सस्ता है, जिससे यह ग्राहकों के लिए एक आकर्षक विकल्प बन जाता है। हालाँकि, यह फ्यूल सिर्फ़ 'फ्लेक्स फ्यूल व्हीकल्स' (FFVs) के तौर पर जानी जाने वाली गाड़ियों की एक सीमित श्रेणी के लिए है।




### कम माइलेज देगा पेट्रोल

ई20 पेट्रोल गाड़ियों के मुकाबले कम माइलेज देता है; भले ही यह सस्ता हो, लेकिन यह बात इसके खिलाफ जाती है। इसलिए, बड़ा सवाल यह है कि इससे किसे फायदा होता है? मुख्य अंतर इथेनॉल की मात्रा में है। ई20 पेट्रोल में 20 प्रतिशत तक इथेनॉल मिला होता है और यह वह स्टैंडर्ड फ्यूल है जिसके लिए भारत में बिकने वाली ज्यादातर नई गाड़ियाँ डिजाइन की जाती हैं। इसके उलट, ई85 में 85 प्रतिशत तक इथेनॉल होता है, जिसके लिए खास तौर पर बनाए गए फ्यूल सिस्टम, इंजन कैलिब्रेशन और इथेनॉल-रेज़िस्टेंट पार्ट्स की जरूरत होती है।

### कम्पैटिबल गाड़ियों में ई85 नहीं भरना चाहिए

जानकारों का कहना है कि ई20-कम्पैटिबल गाड़ियों में ई85 नहीं भरना चाहिए। ऐसा करने से इंजन की परफॉर्मेंस खराब हो सकती है, गाड़ी स्टार्ट करने में दिक्कत आ सकती है, फ्यूल-सिस्टम के पार्ट्स में जंग लग सकता है और लंबे समय तक गाड़ी की भरोसेमंदता पर सवाल उठ सकते हैं। इथेनॉल पेट्रोल से अलग तरह से काम करता है और इसके लिए ऐसे इंजन की जरूरत होती है जो ज्यादा इथेनॉल कंसंट्रेशन के साथ चलने के लिए खास तौर पर ट्यून किए गए हों।

### व्हीकल मार्केट अभी शुरूआती दौर में

भारत का फ्लेक्स-फ्यूल व्हीकल मार्केट अभी शुरूआती दौर में है। इस महीने की शुरूआत में, हीरो मोटोकॉर्प ने अपनी स्प्लेंडर प्लस और एचएफ डिलक्स मोटरसाइकिलों के फ्लेक्स-फ्यूल वर्शन लॉन्च किए। सुजुकी ने भी फ्लेक्स-फ्यूल गिक्सर को पेश किया है। पैसेंजर व्हीकल सेगमेंट में, मारुति सुजुकी ने हाल ही में एक फ्लेक्स-फ्यूल WagonR पेश की है जो ई100 फ्यूल पर चल सकती है, हालाँकि इसे अभी कमर्शियली लॉन्च नहीं किया गया है। ई85 का रोलआउट सरकार की उस बड़ी रणनीति का हिस्सा है जिसका मकसद इम्पोर्टेड कच्चे तेल पर निर्भरता कम करना, घरेलू इथेनॉल प्रोडक्शन को बढ़ावा देना और एमिशन कम करना है।

# खरीफ सीजन से पहले कृषि मंत्री का बड़ा निर्देश: किसानों को खाद के लिए नहीं लगनी चाहिए लाइनें

चंडीगढ़/यूटर्न/10 जून। हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आगामी खरीफ सीजन में प्रदेश के किसानों को खाद की किसी भी प्रकार की कमी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि सीजन शुरू होने से पहले पर्याप्त मात्रा में खाद का भंडारण और वितरण व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों को समय पर खाद उपलब्ध हो सके। चंडीगढ़ में आयोजित एक



उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में कृषि मंत्री ने खाद के मौजूदा स्टॉक, संभावित मांग और आपूर्ति व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में कृषि विभाग, हैफेड और प्रमुख खाद उत्पादक व विक्रेता कंपनियों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। श्याम सिंह राणा ने कहा कि पिछले वर्ष की तरह इस बार भी खाद का वितरण 'मेरी फसल-मेरा ब्यौरा' पोर्टल के आधार पर किया जाए। किसानों द्वारा पोर्टल पर दर्ज फसल और रकबे के अनुसार ही खाद उपलब्ध कराई जाए, ताकि वास्तविक किसानों को बिना किसी परेशानी के लाभ मिल सके। कृषि मंत्री ने खाद की जमाखोरी और कालाबाजारी पर सख्त रुख अपनाते हुए अधिकारियों को नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई डीलर या दुकानदार खाद की कालाबाजारी या जमाखोरी करते पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान उन्होंने किसानों को आधुनिक खेती तकनीकों को अपनाने की सलाह देते हुए कहा कि फव्वारा सिंचाई प्रणाली के साथ खाद का प्रयोग करने से पानी की बचत होगी और फसल उत्पादन भी बेहतर होगा। खाद कंपनियों के प्रतिनिधियों ने सरकार को भरोसा दिलाया कि खरीफ सीजन के दौरान प्रदेश में खाद की आपूर्ति सुचारू रूप से जारी रहेगी और किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

Uturn Time 11 June 2026_Layout 2 10-06-2026 23:56 Page 5





पेज 12 मदद कीजिए, जहाज डूब रहा है: अमेरिकी मिसाइल...

# बड़े सियासी विभाजन के बाद, क्या ममता बनर्जी की टीएमसी का कांग्रेस में विलय होने वाला है?

चंडीगढ़/यूटर्न/10 जून। क्या ममता बनर्जी की 'घर वापसी' होगी? यही सवाल पूछा जा रहा है। ममता ने 1997 में कांग्रेस छोड़ने के बाद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) बनाई थी। जिस बात के बारे में एक हफ़्ते पहले सोचा भी नहीं जा सकता था, उस पर अब जोरों से चर्चा हो रही है। राजनीति में कुछ भी अजीब नहीं होता। घटनाओं के एक अजीब सिलसिले की वजह से नई दिल्ली के मीडिया गलियारों में चर्चा तेज हो गई है। जरा इस पर गौर करें। ममता बनर्जी नई दिल्ली में हैं, जबकि पश्चिम बंगाल में उनके विधायक बगावत पर उतर आए हैं। उनके पार्षदों और स्थानीय नेताओं पर भी हमले हो रहे हैं। संकट बंगाल में है, लेकिन वह दिल्ली में हैं। क्यों? ममता ने अपने भतीजे और टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के साथ विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन की बैठक में हिस्सा लिया। ममता ने आखिरी बार 'इंडिया' गठबंधन की बैठक में कब हिस्सा लिया था? टीएमसी, जो 29 लोकसभा और 12 राज्यसभा सीटों के साथ तीसरी सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी है, ने केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के खिलाफ अपनी अलग रणनीति बनाई थी। ममता की कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन के साथ नहीं बनी थी, तो अब यह नजदीकी क्यों?



## भाजपा की लहर में बह गई पार्टी

जो नेता कभी अडिग लगती थीं और जिस पार्टी को बंगाल में अजेय माना जाता था, वे भाजपा की लहर में बह गई। यह भाजपा के पक्ष में उतना ही वोट था, जितना ममता और उनकी टीएमसी के खिलाफ। एक दशक से ज्यादा समय तक उनके कुशासन ने उनकी मुश्किलें बढ़ा दीं। बंगाल की 294 सदस्यों वाली विधानसभा में टीएमसी सिमटकर सिर्फ.80 सीटों पर आ गई।

## सोनिया गांधी से की बैठक

ममता बनर्जी ने मंगलवार को सोनिया गांधी के साथ आमने-सामने बैठक की, जो कई सालों में पहली बार हुई। बताया जा रहा है कि यह बैठक टीएमसी और गठबंधन की राजनीति के भविष्य पर थी। बुधवार को अभिषेक बनर्जी ने कांग्रेस के असल प्रमुख राहुल गांधी से मुलाकात की। खबर है कि ममता बुधवार को फिर से सोनिया से मिलेंगी। लगातार हो रही इन मुलाकातों का क्या मतलब है?

## पार्टी से नियंत्रण खोया

चुनाव नतीजों के एक महीने के भीतर ही, टीएमसी की निर्विवाद सर्वेसर्वा रहीं ममता ने उस पार्टी पर अपना नियंत्रण खो दिया, जिसे उन्होंने 1998 में बनाया था। उन्होंने कलकत्ता हाई कोर्ट में कानूनी लड़ाई शुरू कर दी। लेकिन शिवसेना और एनसीपी के पिछले उदाहरणों को देखें तो उन्हें पता होगा कि उनके सफल होने की संभावना बहुत कम थी।

## कांग्रेस के साथ कौन विलय कर रहा है ?

हालांकि, पार्टी से बगावत करने वाले बंगाल में विपक्ष के नेता रिताब्रता बनर्जी ने विलय की चचाओं के बीच अड़चन पैदा कर दी। उन्होंने दावा किया कि 64 बागी विधायक और लगभग 20 सांसद टीएमसी का कांग्रेस के साथ विलय करने के किसी भी कदम का समर्थन नहीं करेंगे। रिताब्रता बनर्जी ने कहा,२बागी खेमे में टीएमसी विधायकों की कुल संख्या बढ़कर 64 हो गई है। जब ममता बनर्जी द्वारा टीएमसी का कांग्रेस के साथ विलय करने की संभावनाओं के बारे में पूछा गया, तो रिताब्रता ने कहा, हमारे विधायक ऐसा नहीं करेंगे। 20 सांसद हैं जो कांग्रेस के साथ विलय नहीं करेंगे, तो फिर कौन विलय कर रहा है? कांग्रेस के साथ ऐसे विलय का कोई सवाल ही नहीं उठता।

# प्रधानमंत्री मोदी के ऐतिहासिक कीर्तिमान पर चंडीगढ़ ट्रेडर्स एसोसिएशन ने दी बधाई

चंडीगढ़/यूटर्न/10 जून। चंडीगढ़ ट्रेडर्स एसोसिएशन, सेक्टर-17 के अध्यक्ष कमलजीत सिंह पंछी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारत के इतिहास में सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री पद पर सेवा देने का ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। इस संबंध में उन्होंने प्रधानमंत्री को एक पत्र भेजकर उनके नेतृत्व, राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण और भारत को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाने में दिए गए योगदान की सराहना की। अपने पत्र में कमलजीत सिंह पंछी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 4,399 दिनों का कार्यकाल पूरा कर भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के 4,398 दिनों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए एक नया इतिहास रच दिया है। उन्होंने इस उपलब्धि को देश के लिए गर्व का विषय बताते हुए कहा कि यह प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व, अथक परिश्रम और देशवासियों के उन पर अटूट विश्वास का प्रतीक है। पंछी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का सार्वजनिक जीवन 9,013 दिनों से अधिक के शासन अनुभव से जुड़ा है, जिसमें उन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में तीन कार्यकाल और वर्तमान में लगातार तीसरे कार्यकाल के प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा की है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि राष्ट्र निर्माण और जनकल्याण के प्रति उनकी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता, बुनियादी ढांचे और वैश्विक कूटनीति के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। आज भारत विश्व मंच पर एक मजबूत और प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बना चुका है, जिसका श्रेय काफी हद तक प्रधानमंत्री के नेतृत्व को जाता है। कमलजीत सिंह पंछी ने कहा कि यह उपलब्धि केवल प्रधानमंत्री की व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि देश के करोड़ों नागरिकों के विश्वास और आकांक्षाओं का भी प्रतीक है।



# 97 फीसदी शिकायतों का निपटारा कर पंचकुला पुलिस ने लौटाए करोड़ों रुपये

अजीत झा

पंचकूला/यूटर्न/10 जून। विदेश भेजने के नाम पर लोगों से लाखों रुपये की ठगी करने वाले फर्जी इमिग्रेशन एजेंटों और अंतर्राज्यीय गिरोहों के खिलाफ पंचकूला पुलिस की एंटी इमिग्रेशन फ्रॉड यूनिट ने पिछले 17 महीनों में बड़ी सफलता हासिल की है। लगातार कार्रवाई के चलते न केवल ठगी के कई बड़े नेटवर्क का पदार्फाश हुआ है, बल्कि पीड़ितों को करोड़ों रुपये वापस दिलाने में भी पुलिस को कामयाबी मिली है। पुलिस का दावा है कि सख्त कार्रवाई के कारण पंचकूला में सक्रिय फर्जी इमिग्रेशन कारोबार की कमर टूट चुकी है और कई एजेंट क्षेत्र छोड़कर भागने को मजबूर हुए हैं। पुलिस आंकड़ों के अनुसार जनवरी 2025 से मई 2026 तक कुल शिकायतों में से 97 प्रतिशत का निपटारा किया गया है। इस दौरान शिकायतकताओं को 3.41 करोड़ रुपये की राशि वापस दिलाई गई। इसके अलावा आरोपियों से 2.30 करोड़ रुपये नकद और 850 ग्राम सोने के आभूषण भी बरामद किए गए हैं। समय रहते की गई कार्रवाई के कारण कई लोगों को करोड़ों रुपये की संभावित ठगी का शिकार होने से भी बचाया गया। एंटी इमिग्रेशन फ्रॉड यूनिट के प्रभारी इंस्पेक्टर योगविंद्र सिंह ने बताया कि वर्ष 2025 में कुल 239 शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जो औसतन 20 शिकायतें प्रतिमाह थीं।













यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India

# श्रीमद्भागवत महापुराण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को सही दिशा देने वाला दिव्य ज्ञान है : कथा व्यास शास्त्री श्री जगमोहन दत्त जी

दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/10 जून। गांव पिपलीवाल में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के दूसरे दिन मंगलवार को कथा व्यास शास्त्री श्री जगमोहन दत्त जी महाराज ने भागवत कथा में परीक्षित मोक्ष का प्रसंग सुनाते हुए कहा ने श्रीमद्भागवत कथा के महात्म्य और राजा परीक्षित के जन्म प्रसंग का वर्णन किया। उन्होंने कहा श्रीमद्भागवत महापुराण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को सही दिशा देने वाला दिव्य ज्ञान है। भागवत कथा मनुष्य को धर्म, सत्य, करुणा और भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। जो व्यक्ति श्रद्धा और




विश्वास के साथ भागवत कथा का श्रवण करता है, उसके जीवन के अनेक कष्ट स्वतः ही दूर होने लगते हैं और मन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति का अंतर्मन शुद्ध होता है और उसे ईश्वर के निकट होने का अनुभव प्राप्त होता है। राजा परीक्षित के जन्म की कथा का वर्णन कर बताया कि राजा परीक्षित का जन्म महाभारत युद्ध के बाद हुआ था।

अश्वत्थामा द्वारा छोड़े गए ब्रह्मास्त्र से गर्भ में स्थित शिशु को बचाने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं गर्भ में प्रवेश कर बालक की रक्षा की। इसी कारण बालक का नाम परीक्षित पड़ा, क्योंकि वह जन्म से ही भगवान का साक्षात दर्शन कर चुका था।

# उद्योगों को मिलेगी पर्यावरणीय मंजूरियों में मदद, उक्कव ने शुरू किया PPCB हेल्पडेस्क



लुधियाना/यूटर्न/10 जून। उद्योगों को पर्यावरण संबंधी नियमों और मंजूरियों से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए चैंबर ऑफ इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल अंडरटेकिंग्स (CICU) ने फोकल प्वाइंट स्थित अपने कार्यालय में पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (PPCB) रेगुलेटरी क्लीयरेंस हेल्पडेस्क की शुरूआत की है। इस पहल का उद्देश्य उद्योगों, विशेषकर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (MSMEs), को पर्यावरणीय नियमों और मंजूरी प्रक्रियाओं के संबंध में विशेषज्ञ मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है।

CICU के पदाधिकारियों ने बताया कि कई MSME इकाइयां पर्यावरणीय मानकों और नियामकीय प्रक्रियाओं की पर्याप्त जानकारी न होने के कारण विभिन्न प्रकार की कठिनाइयों और देरी का सामना करती हैं। नए हेल्पडेस्क के माध्यम से उद्योगों को एनओसी, कंसेंट टू एस्टैब्लिश (CTE), कंसेंट टू ऑपरेट (CTO), हैजार्डस वेस्ट मैनेजमेंट (HWM) ऑथराइजेशन तथा अन्य PPCB संबंधित मामलों में सहायता और सलाह प्रदान की जाएगी।

इस सुविधा को प्रभावी बनाने के लिए उक्कव ने पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सेवानिवृत्त सहायक पर्यावरण अभियंता इंजीनियर सुशील कुमार की सेवाएं ली हैं, जिनके पास पर्यावरणीय नियमों और PPCB प्रक्रियाओं का लंबा अनुभव है। हेल्पडेस्क प्रत्येक बुधवार सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक CICU कार्यालय, फेज-5, फोकल प्वाइंट, लुधियाना में कार्य करेगा। उद्योग इकाइयों से इस सुविधा का लाभ उठाने की अपील की गई है।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

# समय के साथ कुछ लोग मौन क्यों हो जाते हैं?

मनुष्य स्वभाव से सामाजिक प्राणी है, लेकिन जीवन के विभिन्न अनुभवों के कारण कुछ लोग धीरे-धीरे कम बोलने लगते हैं और मौन को अपना लेते हैं। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं। सबसे पहला कारण जीवन के अनुभव हैं।

जब किसी व्यक्ति को बार-बार निराशा, असफलता या विश्वासघात का सामना करना पड़ता है, तो वह अपने विचारों और भावनाओं को व्यक्त करने से बचने लगता है। उसे लगता है कि उसकी बातों को समझने वाला कोई नहीं है, इसलिए वह चुप रहना बेहतर समझता है।

दूसरा कारण बढ़ती उम्र और परिपक्वता है। समय के साथ व्यक्ति समझ जाता है कि हर बात पर प्रतिक्रिया देना आवश्यक नहीं है। वह अनावश्यक बहस और विवाद से दूर रहकर शांति बनाए रखना चाहता है। ऐसे लोग कम बोलते हैं लेकिन गहराई से सोचते हैं। कुछ लोग जिम्मेदारियों और तनाव के कारण भी मौन हो जाते हैं। काम, परिवार और जीवन की चुनौतियाँ उन्हें भीतर से

थका देती हैं, जिससे वे अपने विचारों को अपने तक ही सीमित रखने लगते हैं।

इस प्रकार, मौन हमेशा कमजोरी का संकेत नहीं होता। कई बार यह व्यक्ति की समझदारी, आत्मचिंतन और जीवन के अनुभवों का परिणाम होता है। इसलिए हमें किसी के कम बोलने को गलत नहीं समझना चाहिए, बल्कि उसके भावों को समझने का प्रयास करना चाहिए।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**क्या Divorce Case के दौरान दूसरी शादी की जा सकती है?**



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

वैवाहिक विवादों में कई बार पति-पत्नी लंबे समय से अलग रह रहे होते हैं और Divorce Case भी अदालत में चल रहा होता है। ऐसे में यह सवाल उठता है कि क्या केस के दौरान दूसरी शादी की जा सकती है।

इसका सीधा उत्तर है—नहीं।

जब तक अदालत द्वारा Divorce Decree पारित नहीं हो जाती और विवाह कानूनी रूप से समाप्त नहीं हो जाता, तब तक पति-पत्नी का वैवाहिक संबंध जारी रहता है।

केवल Divorce Petition दाखिल कर देने, वर्षों से अलग रहने, या आपसी सहमति से अलग रहने से विवाह समाप्त नहीं माना जाता। यदि कोई व्यक्ति Divorce Case लंबित रहते हुए दूसरी शादी करता है, तो वह गंभीर कानूनी विवाद में फंस सकता है। ऐसी शादी की वैधता पर भी प्रश्न उठ सकते हैं।

विशेष रूप से, यदि पहली शादी अभी भी कानूनी रूप से अस्तित्व में है, तो दूसरी शादी भविष्य में आपराधिक और पारिवारिक दोनों प्रकार के विवादों का कारण बन सकती है।

कई लोग यह गलतफहमी पाल लेते हैं कि "Case तो चल ही रहा है, अब शादी की जा सकती है।" लेकिन कानून में विवाह तब तक जारी रहता है, जब तक उसे अदालत द्वारा विधिवत समाप्त न कर दिया जाए।

इसलिए दूसरी शादी का निर्णय लेने से पहले यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि Divorce का अंतिम आदेश प्राप्त हो चुका है और विवाह कानूनी रूप से समाप्त हो गया है।

निष्कर्ष : Divorce Case लंबित होने के दौरान दूसरी शादी नहीं की जा सकती। दूसरी शादी तभी सुरक्षित और वैध मानी जाती है, जब पहली शादी अदालत के अंतिम आदेश से कानूनी रूप से समाप्त हो चुकी हो।

# थाने से ठगी के आरोपी छुड़वाने का विवाद बढ़ा, अब पीड़ित पक्ष ने सामने आकर लगाए गंभीर आरोप, सीपी से की शिकायत

लुधियाना/यूटर्न/10 जून। थाना दरेसी से तीन करोड़ रुपए की ठगी के आरोपी साहिल मल्होत्रा और प्रदूमन मल्होत्रा को भगाने का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों को भगाने वाले कॉपी राइट एजेंट चेतन बवेजा व उसके 25 साथियों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया था। जिसके बाद साहिल व चेतन के समर्थकों ने मंगलवार सीपी ऑफिस के बाहर प्रदर्शन किया। अब इस मामले में पीड़ित पक्ष प्रतीक टंडन ने सामने आकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका आरोप है कि विरोधी पक्ष द्वारा सीपी ऑफिस के बाहर सनातन धर्म के खिलाफ अपशब्द बोले और गालियां दी। जो सरासर गलत है। इससे हमारे मन को ठेस पहुंची है। जिसके चलते इस संबंधी भावनाएं आहत करने को लेकर सीपी को शिकायत दी गई है, ताकि गलत हरकत करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज हो सके। प्रतीक टंडन ने कहा कि चेतन बवेजा, जतिंदर गोरियान अपने साथियों के साथ सरेआम साहिल और प्रदूमन को थाने से भगाकर ले गए थे। लेकिन पुलिस ने आज तक उक्त मामले में एक्शन नहीं लिया है।



### एसएचओ से मीटिंग के बाद भगाया

प्रतीक का आरोप है कि जब दोनों को गिरफ्तार कर थाने लाया गया था तो उन्होंने एसएचओ से उनकी दस्तावेजों में गिरफ्तारी डालने को कहा था। लेकिन उन्होंने गिरफ्तारी नहीं डाली। वहीं चेतन बवेजा और जतिंदर गोरियान द्वारा पहले थाने में जाकर एसएचओ से मीटिंग की थी। जिसके बाद वे थाने से चले गए। फिर दोबारा आए और साहिल व प्रदूमन को लेकर फरार हो गए। जिसके सभी सबूत उनके पास है। प्रतीक का आरोप है कि थाने में आशा भोला नामक महिला द्वारा उन्हें गालियां दी गई थी।

### 9 साल से व्यापार कर रहे थे आरोपी

प्रतीक टंडन ने कहा कि उनकी बीके इंटरनेशनल नाम से फर्म है। जबकि साहिल, प्रदूमन और मीनाक्षी की मल्होत्रा ट्रेडर्ज, नाइजा ट्रेडर्स और आरके ट्रेडर्ज के नाम से फर्म है। वे 2014 से तीनों फर्मों के साथ कारोबार कर रहे थे। लेकिन 2020 के बाद इन्होंने पेमेंट देनी बंद कर दी। 2023 में उन्होंने व्यापार बंद कर दिया और पेमेंट नहीं दी। फिर चैक दिए, तो वे बाउंस हो गए। जिसके चलते उन्होंने पुलिस को शिकायत दी, तो तीनों आरोपियों पर ठगी का पर्चा दर्ज हुआ।

# हरियाणा के हांसी में खाद्य आपूर्ति विभाग की कार्रवाई, अवैध इस्तेमाल में पकड़े गए 9 गैस सिलेंडर

हांसी/यूटर्न/10 जून। हरियाणा के हांसी में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध उपयोग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए छापेमारी अभियान चलाया। विभाग की टीम ने त्रिकोणा पार्क से लेकर उमरा गेट तक विभिन्न स्थानों पर जांच की और एक ढाबे समेत चार जगहों पर छापेमारी कर कुल 9 गैस सिलेंडर बरामद किए। इनमें 6 घरेलू और 3 कमर्शियल गैस सिलेंडर शामिल हैं। जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी अनुराधा जांगड़ा ने मीडिया से बताया कि विभाग को पिछले कई दिनों से घरेलू गैस सिलेंडरों के गैरकानूनी उपयोग की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। शिकायतों के आधार पर विशेष अभियान चलाकर विभिन्न प्रतिष्ठानों और स्थानों की जांच की गई।

# लुधियाना-जालंधर में दूसरे दिन खत्म हुई ईडी रेड, पूर्व मंत्री अरोड़ा से जुड़े कारोबारियों की कंपनियों में डायरेक्टर है सीए अंकुर

राजदीप सिंह सैनी

पंजाब/यूटर्न/10 जून। मंगलवार को ईडी की और से लुधियाना और जालंधर में रेड की गई। यह रेड जालंधर के ठेकेदार अमित बजाज और लुधियाना के सीए अंकुर वर्मा के घर व व्यापारिक स्थानों पर हुई। बुधवार को भी दोनों शहरों में यह रेड जारी रही। बताया जा रहा है कि जालंधर में शाम करीब पांच बजे और लुधियाना में करीब छह बजे रेड खत्म हुई। वहीं लुधियाना में यह रेड जारी है। चर्चा है कि सीए अंकुर वर्मा पूर्व मंत्री संजीव अरोड़ा से जुड़े कारोबारियों की कंपनियों में डायरेक्टर हैं। हालांकि इसकी अभी अंकुर द्वारा पुष्टि नहीं की गई है और न ही ईडी द्वारा कोई खुलासा किया गया है। लेकिन चर्चाएं हैं कि यह रेड इसी संबंध में हो सकती है। चर्चा है कि यह रेड पूर्व मंत्री संजीव अरोड़ा पर पिछले दिनों हुई ईडी की कार्रवाई की आगे जांच के लिए की गई थी। अरोड़ा की पूछताछ में इनका नाम सामने आया था।



सीए अंकुर वर्मा



ठेकेदार अमित बजाज

## दस्तावेज कब्जे में लिए गए

चर्चा है कि ईडी की और से दोनों स्थानों से भारी मात्रा में दस्तावेज एकत्रित किए गए हैं। वहीं अमित बजाज और उनके भाई इंद्रजीत बजाज से संबंधित फर्मों का डेटा भी खंगाला गया है। चर्चा है कि ईडी मौके से कई दस्तावेज अपने साथ भी लेकर गई है। वहीं दूसरी तरफ सीए अंकुर वर्मा से जुड़े कारोबारियों को लेकर भी टीमें जांच कर रही है। चर्चा है कि जल्द मामले में बड़े खुलासे हो सकते हैं।




## कई और कारोबारी भी रडार पर

चर्चा है कि ईडी के निशाने पर शहर के कई और कारोबारी भी है। दरअसल, ईडी द्वारा पिछले एक महीने के दौरान शहर में कई जगह रेड की गई। इस दौरान कई सुराग हाथ लगे। जिसके बाद अब एक एक कर टीमें सभी की जांच कर रही है। चर्चा है कि अमित बजाज और अंकुर वर्मा पर हुई जांच के बाद कई और लोगों के लिंक भी निकलकर सामने आए हैं। जिसके चलते अब टीमें उस पर वर्क कर रही है।

## बड़े खुलासे होने की उम्मीद

चर्चा है कि अगर ईडी द्वारा इन ट्रेडिंग घोटाले की गहनता से जांच की जाए तो बड़े खुलासे होने की उम्मीद है। चर्चा है कि इन घोटालों में शामिल लोगों द्वारा भी बड़ी मात्रा में हवाला का कारोबार किया जा रहा था। वहीं लोगों से ठगी करके उक्त पैसा एक नंबर में बनाने के लिए कई तरह के चैनल का प्रयोग किया जाता था। ऐसे में अगर अब टीमें जांच करें तो कई हैरानीजनक खुलासे हो सकते हैं।

## क्या ट्रेडिंग जरिए करोड़ों रुपए ठगने वालों पर होगा एक्शन ?




वहीं एक तरफ ईडी द्वारा हवाला कारोबार व गेमिंग एप से जुड़े घोटालों को लेकर जांच की जा रही है। वहीं शहर में ट्रेडिंग का भी बड़ा खेल किया जा रहा है। जिस पर ईडी को ध्यान देने की जरुरत हैं। यह ठग लोगों को ट्रेडिंग कराने की एवज में करोड़ों रुपए का चूना लगा रहे है। इस संबंधी लुधियाना पुलिस द्वारा फिरोजगांधी मार्केट से हैबोवाल की बावा कॉलोनी के अनिल जैन, हैबोवाल के लक्ष्मी नगर के सनी कुमार और अहमदगढ़ के करमजीत कौर को गिरफ्तार किया था। वहीं, जतिन जैन और गगनदीप सिंह फरार थे। जिनकी और से वी-ट्रेड एप के जरिए लोगों से करोड़ों रुपए की ठगी की गई थी। वहीं अब जेल से छूटने के बाद अनिल जैन द्वारा फिर से फिरोजगांधी मार्केट में होटल ए के नजदीक अपना नया ऑफिस खोल लिया गया है।

## मनोरंजन की श्रेणी में आता है वी-ट्रेड मोबाइल ऐप

साइबर सेल द्वारा जांच की तो पता चला कि वी-ट्रेड एप मनोरंजन की श्रेणी में आता है और सिखलाई के उद्देश्य से विद्यार्थियों के लिए बना है। इस ऐप का सेबी के साथ कोई रजिस्ट्रेशन नहीं है। वहीं अनील जैन समेत बाकी आरोपियों के बैंक खातों को पुलिस ने फ्रीज करके 30.80 लाख, 40.62 लाख, 5 लैपटॉप, 7 डेस्कटॉप, 7 मोबाइल, सोने और हीरे की 62 वस्तुएं, करोड़ों रुपए के कीमती 135 चैक, एक मर्सीडीज और सियाज कार, पैसे गिनने वाली 2 मशीनें व अन्य सामान बरामद किया था। अनील जैन लग्जरी कारों का शौकीन है।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया अरदास, देश की प्रगति के लिए मांगा आशीर्वाद

लुधियाना/यूटर्न/10 जून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के अवसर पर भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने गुरुद्वारा श्री गुरु हरिकृष्ण साहिब जी में माथा टेककर अरदास की और देश की तरक्की तथा खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर पंजाब भाजपा के सह-प्रभारी नरेंद्र सिंह रैना और प्रदेश कोषाध्यक्ष गुरदेव शर्मा देबी विशेष रूप से मौजूद रहे। भाजपा नेताओं ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन, आधारभूत ढांचे, डिजिटल क्रांति और जनकल्याणकारी योजनाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है।



उनका कहना था कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी मजबूत पहचान बनाई है और आज दुनिया में देश का सम्मान बढ़ा है। गुरदेव शर्मा देबी ने कहा कि केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचा है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है। भाजपा नेताओं ने देश की एकता, अखंडता और समृद्धि के लिए भी प्रार्थना की। इस मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का उद्देश्य देशहित और जनकल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराना भी रहा।

# श्री हेमकुंड साहिब यात्रा पर जा रहे युवक की खन्ना के पास सड़क हादसे में मौत

लुधियाना/यूटर्न/10 जून। लुधियाना के खन्ना में श्री हेमकुंड साहिब की यात्रा पर जा रहे बाइक सवार युवक खड्डे से टकराकर गिर गया। जिस कारण उसकी मौत हो गई। यह मृतक की पहचान हैबोवाल निवासी 23 वर्षीय जितेंदर सिंह के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, लुधियाना से करीब 30 युवक बाइकों पर श्री हेमकुंड साहिब की यात्रा के लिए रवाना हुए थे। बताया जा रहा है कि खन्ना के मंजी साहिब के पास जीटी रोड पर सड़क में गड्ढे के कारण जितेंदर सिंह की बाइक अनियंत्रित हो गई। संतुलन बिगड़ने के बाद बाइक सड़क किनारे लगी रेलिंग से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि जितेंदर की गर्दन पर गंभीर चोट लगी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जितेंदर सिंह पेशे से इलेक्ट्रीशियन था और एक साधारण परिवार से संबंध रखता था।



## सपना रह गया अधूरा

उसका परिवार कई वर्षों से किराए के मकान में रह रहा था। जितेंदर कम उम्र से ही परिवार की आर्थिक जिम्मेदारियां संभाल रहा था और मेहनत-मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण कर रहा था। उसने पिछले कुछ वर्षों में पैसे जोड़कर अपने माता-पिता के लिए एक छोटा घर बनाने का सपना देखा था। परिवार के अनुसार, नए घर का निर्माण कार्य अभी जारी था। जितेंदर का यह सपना उसके निधन के साथ अधूरा रह गया।

# हेमकुंट साहिब यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं को बांटे गए सिमरन काउंटर

श्री हेमकुंट साहिब/यूटर्न/10 जून। श्रद्धालुओं को नाम सिमरन से जोड़ने और उनकी यात्रा को अधिक आध्यात्मिक बनाने के उद्देश्य से 'जन की अरदास सेवा सोसाइटी' द्वारा एक विशेष पहल की गई। सोसाइटी की मुख्य सेवादार बीबी सुरेंद्र कौर खालसा और जनरल सेक्रेटरी प्रभजोत सिंह जसल के नेतृत्व में श्री हेमकुंट साहिब की यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं को सिमरन काउंटर (डिजिटल जाप माला) वितरित किए गए। इस अवसर पर बीबी सुरेंदर कौर खालसा ने कहा कि हेमकुंट साहिब की यात्रा केवल शारीरिक नहीं बल्कि आध्यात्मिक यात्रा भी है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे पहाड़ों की कठिन चढ़ाई और ट्रेकिंग के दौरान लगातार ह्यवाहेगुरुह्न नाम का सिमरन करते रहें। उन्होंने कहा कि गुरु का नाम मन को शक्ति, शांति और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है।




जनरल सेक्रेटरी प्रभजोत सिंह जसल ने कहा कि यात्रा का वास्तविक आनंद नाम सिमरन में है। उन्होंने श्रद्धालुओं से गुरुद्वारा श्री हेमकुंट साहिब पहुंचकर मानवता की भलाई और विश्व शांति के लिए अरदास करने की अपील की। सोसाइटी की इस अनूठी सेवा की यात्रियों ने सराहना करते हुए कहा कि सिमरन काउंटर यात्रा के दौरान उन्हें गुरु के नाम से जुड़े रहने में मदद करेगा। सोसाइटी का उद्देश्य श्रद्धालुओं की यात्रा को अधिक मंगलमय, प्रेरणादायक और आध्यात्मिक बनाना है।

Uturn Time 11 June 2026_Layout 2 10-06-2026 23:56 Page 8



# बाली टूर पॅकेज में नहीं चला आधे दाम का फंडा

## प्राइस वॉरह्व के बीच बुक्की जैसे बदनाम पेशे वालों की भी एंट्री




लुधियाना/यूटर्न/10 जून। महानगर के कारोबारी और धार्मिक ट्रैवल सर्किल में इन दिनों दो ट्रैवल ग्रुपों के बीच छिड़ी 'प्राइस वॉर' चर्चा का प्रमुख विषय बनी हुई है। समर वेकेशन और धार्मिक यात्रा सीजन के बीच शुरू हुए कंपीटीशन ने अब शहर के धन्ना सेठों और कारोबारी वर्ग को गॉसिप का नया मुद्दा दे दिया है। चचाओं के अनुसार, कारोबारी अशोक गुप्ता ने अपने पूर्व कारोबारी सहयोगी और प्रतिद्वंद्वी और श्री भागवत सेवा परिवार टीम के धार्मिक ट्रैवल पैकेज को चुनौती देने के लिए शहरभर में ऐसे पैम्फलेट वितरित करवाए, जिनमें उसी डेस्टिनेशन और लगभग समान सुविधाओं का दावा लगभग आधी कीमत पर किया गया था। इस कदम को ट्रैवल कारोबार में सीधी चुनौती के रूप में देखा गया और दोनों गुटों के समर्थकों में इसे लेकर काफी जग हंसाई से चर्चा रही। हालांकि, अब सच्चाई सामने आने से यह प्रमाणित हुआ की अशोक गुप्ता के आधे दाम के फंडे को उतनी सफलता नहीं मिली जितनी उम्मीद की जा रही थी। शहर में चल रही चचाओं के मुताबिक, भारी प्रचार और आकर्षक ऑफर के बावजूद अशोक गुप्ता के टूर में केवल ७ कपप्ल और ७ स्टैग यात्री ही शामिल हो पाए । चर्चा है कि अशोक गुप्ता के ट्रैवल ग्रुप में यात्रियों की संख्या बढ़ाने के लिए बुक्की जैसे कई बदनाम पेशे वालों को भी शामिल किया गया!

, जबकि कम्पीटिशन के बावजूद श्री भागवत सेवा परिवार के ग्रुप में लोकप्रिय एवं १०० के करीब लोग शामिल रहे ।

कारोबारी हलकों में यह भी चर्चा है कि जहां श्री भागवत सेवा परिवार का टूर अशोक गुप्ता के टूर के मुकाबले दोगुना समय के लिए आयोजित किया गया । इसके चलते कई संभावित यात्रियों ने पैकेज की अवधि और कार्यक्रम को लेकर भी सवाल उठाए ! चर्चा अनुसार अशोक गुप्ता के टूर पॅकेज में ऐसे बुक्की को भी शामिल किया गया जिससे हालही में गुप्ता के पारिवारिक सदस्य ने रिकवरी में एक प्रॉपर्टी हांसिल की है जबकि बदनाम पेशे से सम्बंधित कई अन्यों को भी शामिल किया गया है।

शहर के व्यापारिक और सामाजिक वर्ग में अब यह चर्चा जोरों पर है कि केवल कीमत घटा देने से भरोसा, नेटवर्क और वर्षों में बनी प्रतिष्ठा को चुनौती देना आसान नहीं होता। कई लोग इसे ट्रैवल कारोबार की सबसे चर्चित प्रतिस्पधाओं में से एक मान रहे हैं, जहां सस्ती कीमतों के बावजूद उम्मीद अनुसार समर्थन नहीं मिल पाया। कुल मिलाकर, यह मुकाबला अब केवल दो ट्रैवल पैकेजों की प्रतिस्पर्धा नहीं रह गया, बल्कि शहर के कारोबारी वर्ग में ह्वप्रतिष्ठा बनाम प्राइसह्व की लड़ाई के रूप में देखा जा रहा है। आने वाले समय में यह देखना दिलचस्प होगा कि इस प्राइस वॉर का असर अगले ट्रैवल सीजन पर कितना पड़ता है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 12 वर्ष के कार्यकाल में भारत का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान बढ़ाया: अविनाश खन्ना



दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/10 जून। भारतीय जनता पार्टी स्पोर्ट्स सेल पंजाब की ओर से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रमन घई की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के बतौर प्रधानमंत्री 12 साल पूरे होने के अवसर पर शिव मंदिर, बंसी नगर में उनकी लंबी आयु की कामना के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व सांसद अविनाश राय खन्ना ने विशेष तौर पर उपस्थित होकर मोदी जी की लंबी आयु की कामना की। श्री अविनाश राय खन्ना ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने बतौर प्रधानमंत्री 12 साल के अपने कार्यकाल में भारत को हर फ्रंट पर आगे ले जाने का काम किया है तथा अनेक ऐसी लाभकारी योजनाएं देश के हर वर्ग को दी हैं, जिसका लाभ उठाकर आज देश का हर वर्ग अपने जीवन स्तर को ऊपर ले जाने में कामयाब रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने अपने 12 साल के चल रहे प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का मान बढ़ाया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की लंबी आयु की कामना के साथ कार्यकताओं को उनके द्वारा चलाई गई योजनाएं घर-घर पहुंचाने का भी आह्वान किया। प्रधानमंत्री मोदी जी ने जिस तरह उज्ज्वला, आयुष्मान भारत, किसान क्रेडिट कार्ड और स्टार्टअप जैसी अन्य योजनाएं देश को दी हैं, उसके लिए अविनाश राय खन्ना जी ने मोदी जी का धन्यवाद करते हुए उनकी लंबी आयु की कामना की।

# हाईकोर्ट में खुली 'हत्या' की कहानी की सच्चाई, जिस बेटी को मृत बताया गया वह कनाडा में मिली जिंदा




अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/10 जून। पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में एक कथित हत्या के मामले की सुनवाई के दौरान ऐसा खुलासा हुआ, जिसने पूरे मामले की दिशा ही बदल दी। जिस महिला को लेकर उसके मामा ने दावा किया था कि उसके एनआरआई पिता ने हत्या कर दी है, वह महिला जीवित पाई गई और वर्तमान में कनाडा में रह रही है। इस तथ्य के सामने आने के बाद हाईकोर्ट ने विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। मामले में महिला के मामा ने अदालत का दरवाजा खटखटाते हुए आरोप लगाया था कि जर्मनी में रहने वाले महिला के पिता और अन्य लोगों ने उसकी हत्या कर दी है। याचिकाकर्ता ने मामले की निष्पक्ष जांच के लिए एसआईटी गठित करने की मांग की थी और दावा किया था कि पुलिस सही दिशा में जांच नहीं कर रही। सुनवाई के दौरान पंजाब पुलिस ने अदालत को बताया कि महिला की तलाश के लिए विस्तृत जांच की गई। जांच टीम ने पासपोर्ट रिकॉर्ड, इमिग्रेशन दस्तावेज, यात्रा संबंधी जानकारी, रिश्तेदारों के बयान और अन्य तकनीकी साक्ष्यों की पड़ताल की। इसके साथ ही वीडियो कॉल के जरिए महिला की पहचान की पुष्टि भी की गई। जांच में यह स्पष्ट हो गया कि महिला पूरी तरह सुरक्षित है और कनाडा में रह रही है। मामले की सुनवाई कर रहे न्यायमूर्ति सूर्य प्रताप सिंह ने अपने आदेश में कहा कि जांच एजेंसी ने महिला का पता लगाने के लिए हरसंभव प्रयास किए और उपलब्ध सभी साक्ष्यों के आधार पर उसकी पहचान और वर्तमान ठिकाने की पुष्टि की। अदालत ने कहा कि जब यह स्थापित हो चुका है कि महिला जीवित है, तब उसके पिता या किसी अन्य व्यक्ति के खिलाफ हत्या का आरोप टिक ही नहीं सकता। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा कि याचिकाकर्ता द्वारा लगाया गया हत्या का आरोप तथ्यों पर आधारित नहीं है और जांच में इसकी पुष्टि नहीं हुई। अदालत ने माना कि पुलिस ने मामले की जांच में कोई लापरवाही नहीं बरती और उपलब्ध सभी माध्यमों से सच्चाई का पता लगाया।

# हरियाणा की मेजबानी के मुरीद हुए सीपीए सम्मेलन के प्रतिनिधि



चंडीगढ़/यूटर्न/10 जून। हरियाणा विधानसभा की मेजबानी में 8 और 9 जून को आयोजित राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) भारत क्षेत्र के जोन-क्क्सम्मेलन ने उत्कृष्ट आयोजन और अतुलनीय आतिथ्य की नई मिसाल कायम की। सम्मेलन में शामिल विभिन्न राज्यों के जनप्रतिनिधियों और पीठासीन अधिकारियों ने हरियाणा की व्यवस्थाओं और सेवाभाव की खुलकर सराहना की। विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने सम्मेलन की सफलता के लिए लोकसभा अध्यक्ष Om Birla, राज्यसभा के उपसभापति Harivansh, हरियाणा के राज्यपाल Bandaru Dattatreya के स्थान पर वर्तमान राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष तथा मुख्यमंत्री Nayab Singh Saini सहित सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सुव्यवस्थित आयोजन के कारण लोकतंत्र, संसदीय परंपराओं और 'विकसित भारत-2047' के विजन पर सार्थक चर्चा संभव हो सकी।

दो दिवसीय सम्मेलन में उत्तर भारत के पांच राज्यों सहित 13 विधान मंडलों के पीठासीन और उप-पीठासीन अधिकारी तथा जनप्रतिनिधि शामिल हुए। करीब 40 प्रतिभागियों ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे। प्रतिनिधियों ने हरियाणा की प्रसिद्ध परंपरा 'अतिथि देवो भवः' और राज्य की मेहमाननवाजी की विशेष प्रशंसा की।

सम्मेलन के समापन पर चार लिखित संकल्प पारित किए गए, जबकि उत्कृष्ट मेजबानी और सफल आयोजन के लिए विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण के प्रति आभार का प्रस्ताव भी ध्वनिमत से स्वीकार किया गया। कल्याण ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री, राज्य सरकार, अधिकारियों, कर्मचारियों और मीडिया का विशेष धन्यवाद करते हुए कहा कि सभी के सामूहिक प्रयासों से यह सम्मेलन यादगार और सफल बन सका।

# नर्स को शादी का झांसा, 24 लाख की ठगी और शारीरिक शोषण का आरोप

चंडीगढ़/यूटर्न/10 जून। शहर के स्वास्थ्य विभाग से जुड़े एक सनसनीखेज मामले ने पुलिस और स्वास्थ्य प्रशासन दोनों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सेक्टर-45 स्थित सरकारी अस्पताल में कार्यरत एक स्टाफ नर्स ने अस्पताल के एंबुलेंस ड्राइवर पर शादी का झांसा देकर वर्षों तक शारीरिक शोषण करने, लाखों रुपये ठगने और धोखाधड़ी करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता के अनुसार आरोपी ने स्वयं को अविवाहित बताकर उसके साथ संबंध बनाए और शादी का भरोसा दिलाया। आरोप है कि इसी विश्वास के आधार पर आरोपी ने विभिन्न बहानों से महिला से करीब 24 लाख 15 हजार 548 रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिए। बाद में महिला को पता चला कि आरोपी पहले से विवाहित है और उसने अपनी वैवाहिक स्थिति छिपाकर उसे धोखे में रखा। मामले को और गंभीर बनाते हुए पीड़िता ने आरोप लगाया कि जब उसने पैसे वापस मांगने और विरोध करना शुरू किया तो उसे धमकियां दी गई। शिकायत मिलने के बाद मामला चंडीगढ़ पुलिस और स्वास्थ्य विभाग तक पहुंचा, लेकिन आरोप है कि शिकायत दिए जाने के करीब 28 दिन बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं हुई और न ही पीड़िता के विस्तृत बयान दर्ज किए गए। उधर स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में है। आरोप है कि गंभीर शिकायत के बावजूद आरोपी कर्मचारी को सेवा से हटाने या निलंबित करने के बजाय केवल दूसरे अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया।

# सेवा केंद्र कर्मचारियों की हड़ताल खत्म, 400 बर्खास्त कर्मचारी बहाल

## 15 दिन बाद खत्म हुई सेवा केंद्र कर्मचारियों की हड़ताल, 400 कर्मचारी बहाल



- अमन अरोड़ा से बैठक के बाद बनी सहमति, वेतन और बोनस को लेकर भी मिला लिखित आश्वासन।

डेराबस्सी/यूटर्न/10 जून। पंजाब भर में पिछले 15 दिनों से चल रही सेवा केंद्र कर्मचारियों की हड़ताल मंगलवार को समाप्त हो गई। कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा के साथ हुई बैठक में कर्मचारियों की मांगों पर सहमति बनने के बाद सभी कर्मचारी काम पर लौट आए हैं और सेवा केंद्रों में कामकाज सामान्य हो गया है।

एटक (AITUC) के प्रदेश अध्यक्ष बंत सिंह बराड़, प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद चुघ, सेवा केंद्र कर्मचारी यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष बलजिंदर सिंह माझा और मोहाली जिला अध्यक्ष कुलविंदर सिंह ने बताया कि बैठक में कर्मचारियों की मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई। मंत्री अमन अरोड़ा ने आश्वासन दिया कि श्रम कानूनों का पूरी तरह पालन कराया जाएगा और कर्मचारियों के हितों की रक्षा की जाएगी। यूनियन नेताओं के अनुसार बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि मौजूदा निजी कंपनी का सरकार के साथ अनुबंध समाप्त होने के बाद नया अनुबंध नहीं किया जाएगा। भविष्य में कर्मचारियों को सीधे सरकार अथवा सेवा केंद्रों के अधीन लाने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। बैठक में कंपनी द्वारा हड़ताल के दौरान बर्खास्त किए गए 400 कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से बहाल करने पर भी सहमति बनी। इसके अलावा कर्मचारियों को प्रत्येक माह की सात तारीख तक वेतन देने, आठ घंटे से अधिक कार्य नहीं लेने और दिवाली बोनस देने का लिखित आश्वासन भी दिया गया है। लिखित आश्वासनों के बाद कर्मचारियों ने हड़ताल समाप्त करने की घोषणा कर दी और मंगलवार से सभी सेवा केंद्रों में कार्य शुरू हो गया।

# व्यापार मंडल के नवनियुक्त जिला प्रधान हरदेव सिंह बॉबी का भव्य सम्मान

## गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने दी बधाई, व्यापारियों की आवाज को मजबूती देने का संकल्प

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/10/जून। सामाजिक और व्यापारिक हलकों में अपनी सक्रिय भागीदारी के लिए पहचाने जाने वाले हरदेव सिंह बॉबी को शिरोमणि अकाली दल द्वारा 'जिला लुधियाना व्यापार मंडल' का प्रधान नियुक्त किए जाने पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कमेटी के पदाधिकारियों ने उन्हें सिरोपा भेंट कर नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।



### सेवा और समर्पण का सम्मान

कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि हरदेव सिंह बॉबी लंबे समय से निस्वार्थ भाव से समाज सेवा और लोक कल्याण के कार्यों से जुड़े हुए हैं। उनकी यही कार्यशैली और साख उन्हें इस महत्वपूर्ण पद तक ले आई है।

### प्रमुख रूप से ये रहे उपस्थित

इस सम्मान समारोह में प्रधान प्रिंसिपल चरणजीत सिंह भंडारी, संरक्षक उजल सिंह मैद, चेयरमैन तरलोक सिंह सिडाना, दीपइंदर सिंह भंडारी, जोगिंदर सिंह धीर, रविंदरपाल मैद, गगनदीप सिंह सरना, गगनदीप सिंह वाहिया, जसकरण सिंह, परनाम सिंह, कुलवीर सिंह सरना और बचनजोत मैद समेत गणमान्य व्यक्ति और संगत मौजूद रही।

### व्यापारी वर्ग को मिलेगी नई दिशा

गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्यों ने इस नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि हरदेव सिंह बॉबी का अनुभव व्यापारिक समुदाय की समस्याओं को प्रभावशाली ढंग से उच्च स्तर तक उठाने में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि बॉबी न केवल व्यापारियों के अधिकारों की रक्षा करेंगे, बल्कि उनके हितों के लिए एक मजबूत और मुखर आवाज बनकर उभरेंगे।

### जनता का विश्वास ही मेरी पूंजी: हरदेव सिंह बॉबी

सम्मान प्राप्त करने के बाद भावुक होते हुए हरदेव सिंह बॉबी ने गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा, "मुझ पर जो भरोसा जताया गया है, मैं उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाऊंगा। व्यापारिक समुदाय की समस्याओं का समाधान करना और उनके हितों की सुरक्षा करना ही अब मेरी प्राथमिकता है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों की ऐतिहासिक जनसेवा पर चंडीगढ़ भाजपा ने किए हवन, आरती एवं अरदास के आयोजन



चंडीगढ़/यूटर्न/10 जून। देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 जून 2026 को लगातार सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने का ऐतिहासिक गौरव प्राप्त किया। इस विशेष अवसर पर भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ प्रदेश द्वारा पूरे शहर में श्रद्धा, उत्साह एवं राष्ट्रहित की भावना के साथ विभिन्न धार्मिक स्थलों पर हवन, पूजा-अर्चना, पाठ एवं अरदास कार्यक्रम आयोजित किए गए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं राष्ट्रसेवा के उनके निरंतर संकल्प की सफलता के लिए चंडीगढ़ के सभी छह जिलों में मंदिरों में हवन एवं आरती तथा गुरुद्वारों में पाठ एवं अरदास का आयोजन किया गया। कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने ईश्वर से प्रार्थना की कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत निरंतर विकास, सुशासन और जनकल्याण के पथ पर आगे बढ़ता रहे। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ प्रदेश के अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा, प्रदेश महामंत्री रामबीर भट्टी, जिला अध्यक्ष सोनू सरपंच तथा जिला के सभी पदाधिकारियों ने गुरुद्वारा पातशाही दसवीं, सेक्टर-8 में आयोजित सुखमणि साहिब के पाठ में नतमस्तक होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की तथा देश के सर्वांगीण विकास के लिए अरदास की।

जिला अध्यक्ष रेखा सूद के नेतृत्व में सेक्टर-39 डी स्थित शिव मंदिर में हवन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया प्रभारी रवि रावत, मंडल अध्यक्ष अमित नागर, एरिया काउंसलर गुरबख्श कौर सहित जिला एवं मंडल स्तर के अनेक पदाधिकारियों ने हवन एवं पूजा-अर्चना में भाग लिया तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं राष्ट्र के निरंतर विकास के लिए प्रार्थना की। वहीं गुरुद्वारा संतसर साहिब, सेक्टर-38 वेस्ट में भी पाठ एवं अरदास का आयोजन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामना की गई।

जिला अध्यक्ष रविंद्र मलिक एवं उनके जिला तथा मंडल के सभी पदाधिकारियों ने गुरुद्वारा रामदरबार फेज-2 में विशेष अरदास का आयोजन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की तथा देश की निरंतर प्रगति के लिए प्रार्थना की। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सैनी के नेतृत्व में मनीमाजरा स्थित सुभाष नगर शिव मंदिर में हवन एवं पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इसके उपरांत गुरुद्वारा सिंह सभा, मदीवाला टाउन में अरदास कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामना की गई। रानी लक्ष्मीबाई जिला के अध्यक्ष अनूप गुप्ता के नेतृत्व में बापूधाम कॉलोनी स्थित वाल्मीकि धर्मशाला में हवन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन के लिए प्रार्थना की।

# पंजाब में विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए चुनाव अमला तैयार: अनिंदिता मित्रा



चंडीगढ़/यूटर्न/10 जून। मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) पंजाब अनिंदिता मित्रा ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए मतदाता सूचियों की शुद्धता और सटीकता बेहद आवश्यक है। उन्होंने बताया कि भारतीय चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार 25 जून 2026 से शुरू होने वाले स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर)-2026 के लिए राज्य का चुनावी अमला पूरी तरह तैयार है। सीईओ कार्यालय द्वारा 8 से 10 जून तक आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में पंजाब के 23 जिलों के 117 विधानसभा क्षेत्रों से करीब 650 अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। इनमें अतिरिक्त डिप्टी चुनाव अधिकारी (एडीईओ), इलेक्टर रजिस्ट्रेशन अधिकारी (ईआरओ), असिस्टेंट इलेक्टर रजिस्ट्रेशन अधिकारी (एईआरओ), चुनाव तहसीलदार, डिस्ट्रिक्ट मास्टर लेवल ट्रेनर तथा तकनीकी स्टाफ शामिल रहे। अनिंदिता मित्रा ने कहा कि एसआईआर-2026 को सफल बनाने के लिए सभी अधिकारियों की सामूहिक जिम्मेदारी है कि वे चुनाव आयोग के निर्देशों का पूरी निष्ठा से पालन करें।

Uturn Time 11 June 2026_Layout 2  10-06-2026  23:56  Page 10



# ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2026 पर एमसी चंडीगढ़ की कार्यशाला, बल्क वेस्ट जनरेटरों को किया जागरूक




चंडीगढ़/यूटर्न/10 जून। शहर को स्वच्छ, हरित और टिकाऊ बनाने की दिशा में नगर निगम चंडीगढ़ ने बुधवार को बल्क वेस्ट जनरेटरों के लिए विशेष जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला की अध्यक्षता नगर निगम के संयुक्त आयुक्त बलबीर राज ने की। इसमें स्वास्थ्य विभाग की मेडिकल ऑफिसर ऑफ हेल्थ डॉ. इंदरदीप कौर सहित विभिन्न संस्थानों, रिहायशी सोसायटियों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

कार्यशाला में प्रतिभागियों को अप्रैल 2026 से लागू हुए ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2026 की प्रमुख व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान वैज्ञानिक तरीके से कचरा प्रबंधन, बल्क वेस्ट जनरेटरों की जिम्मेदारियां, स्रोत स्तर पर कचरे का पृथक्करण और नियमों के अनुपालन पर विस्तार से चर्चा की गई।

नगर निगम अधिकारियों ने कचरे को स्रोत स्तर पर चार श्रेणियों जैविक (बायोडिग्रेडेबल), सूखा पुनर्चक्रण योग्य, घरेलू खतरनाक और सैनिटरी कचरे में अलग-अलग करने की अनिवार्यता पर विशेष जोर दिया। साथ ही घरेलू खतरनाक कचरे के सुरक्षित निस्तारण और प्रबंधन के बारे में भी जानकारी दी गई।

संयुक्त आयुक्त बलबीर राज ने कहा कि शहर की कचरा प्रबंधन व्यवस्था को मजबूत बनाने में बल्क वेस्ट जनरेटरों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सभी हितधारकों से नियमों का सख्ती से पालन करने की अपील की।

वहीं, डॉ. इंदरदीप कौर ने पर्यावरण संरक्षण के लिए विकेंद्रीकृत कचरा प्रबंधन और स्रोत स्तर पर प्रभावी कचरा पृथक्करण को आवश्यक बताया।

कार्यशाला में मौजूद प्रतिभागियों को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के केंद्रीकृत पोर्टल पर पंजीकरण कराने और बेहतर कचरा प्रबंधन प्रणालियां अपनाने की सलाह दी गई। नगर निगम ने यह भी घोषणा की कि आने वाले दिनों में आरडब्ल्यूए, मार्केट एसोसिएशन और व्यावसायिक संस्थानों के साथ जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी, ताकि वैज्ञानिक कचरा प्रबंधन और जनभागीदारी को बढ़ावा दिया जा सके।

# मोदी के 12 वर्षों की ऐतिहासिक जनसेवा को समर्पित भाजपा की अनूठी पहल

## चंडीगढ़ में छबील और लंगर के माध्यम से मनाया गौरव दिवस



चंडीगढ़/यूटर्न/10 जून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश की सेवा के 12 ऐतिहासिक एवं गौरवशाली वर्ष पूर्ण करने तथा लगातार सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ प्रदेश द्वारा प्रदेश कार्यालय कमलम, सेक्टर-33 में शीतल मीठे जल की छबील एवं लंगर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा के नेतृत्व में किया गया।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव तथा आर.एस. पुरा (जम्मू) के विधायक डॉ. नरेंद्र सिंह रैना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दोनों वरिष्ठ नेताओं ने राहगीरों, आम नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं को शीतल मीठा जल और लंगर वितरित किया तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की निरंतर प्रगति और जनकल्याण की भावना को आगे बढ़ाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में राहगीरों एवं नागरिकों ने छबील और लंगर ग्रहण किया तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों की जनसेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और विकास यात्रा पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

इस अवसर पर उपस्थित नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, गरीब कल्याण, आत्मनिर्भरता, राष्ट्रीय सुरक्षा, आधारभूत संरचना के विस्तार तथा वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य किया है। आज भारत विश्व में एक सशक्त, आत्मविश्वासी और निर्णायक नेतृत्व वाले राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ है।

नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों का कार्यकाल केवल एक राजनीतिक उपलब्धि नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण, सुशासन और राष्ट्र निर्माण की एक प्रेरणादायक यात्रा है। इसी भावना को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा और जनकल्याण के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री रामवीर भट्टी, प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश पांचाल, इंदिरा सिंह, देवेंद्र बबला, भारत कुमार, प्रदेश मीडिया प्रभारी रवि रावत, प्रदेश सचिव मनीष शर्मा, प्रकोष्ठों के सह-संयोजक रमेश सहोड एवं दीदार सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष सोनम वर्मा, जिला अध्यक्ष रेखा सूद, जिला अध्यक्ष रविंद्र मलिक, मंडल अध्यक्ष ऋचा वर्मा सहित प्रदेश, जिला एवं मंडल स्तर के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का समापन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु एवं विकसित भारत के संकल्प की सफलता की कामना के साथ हुआ। उपस्थित कार्यकताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आने वाले वर्षों में विकास और जनकल्याण के नए कीर्तिमान स्थापित करेगा।

# 2027 विधानसभा चुनाव से पहले पंजाब में सक्रिय हुई भाजपा, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के दौरे की तैयारी

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/10 जून। पंजाब में वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने संगठन को मजबूत करने की कवायद तेज कर दी है। इसी क्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन जून के तीसरे सप्ताह में पंजाब दौरे पर आ सकते हैं। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार उनका दौरा 19 से 22 जून के बीच होने की संभावना है, हालांकि पार्टी की ओर से अभी अंतिम कार्यक्रम जारी नहीं किया गया है।



राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद नितिन नबीन का यह पहला पंजाब दौरा होगा, इसलिए इसे राजनीतिक और संगठनात्मक दृष्टि से काफी अहम माना जा रहा है। पार्टी सूत्रों के अनुसार उनके दौरे की शुरूआत अमृतसर से हो सकती है। अमृतसर पहुंचने पर वह सबसे पहले श्री हरिमंदिर साहिब में माथा टेककर आशीर्वाद लेंगे। इसके अलावा दुर्गयाना मंदिर और जलियांवाला बाग का भी उनका कार्यक्रम प्रस्तावित है, जहां वह शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं।

दौरे के दौरान नितिन नबीन पंजाब भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, कोर ग्रुप के सदस्यों, जिला अध्यक्षों और विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारियों के साथ बैठकें करेंगे। इन बैठकों में संगठन विस्तार, बूथ स्तर की मजबूती और 2027 विधानसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा होने की संभावना है। पार्टी नेतृत्व कार्यकताओं के बीच उत्साह बढ़ाने और चुनावी तैयारियों को गति देने पर भी विशेष जोर देगा। सूत्रों का कहना है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष विभिन्न जिलों में आयोजित कार्यक्रमों में भी भाग ले सकते हैं। इसके अलावा व्यापारिक संगठनों, किसानों और समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों के साथ संवाद की भी योजना बनाई जा रही है, ताकि पंजाब के मुद्दों और जनभावनाओं को समझा जा सके। हाल ही में पंजाब भाजपा अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों ने दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व और कई केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात की थी। इसके बाद उन्होंने संकेत दिए थे कि पंजाब में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए केंद्रीय नेतृत्व विशेष रणनीति पर काम कर रहा है और वरिष्ठ नेताओं के दौरे बढ़ाए जाएंगे। माना जा रहा है कि नितिन नबीन का प्रस्तावित दौरा उसी रणनीति का हिस्सा है।

# जनता में लोकप्रियता के कारण पीएम मोदी बार-बार निर्वाचित हो रहे हैं : किरण चौधरी

चंडीगढ़10 जून (आईएएनएस) भाजपा सांसद किरण चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, किसानों को दी जा रही सब्सिडी, पश्चिम बंगाल की राजनीति और कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा को लेकर विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की लगातार लोकप्रियता और जनता का विश्वास ही उन्हें देश के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले प्रधानमंत्रियों में शामिल करता है। भाजपा सांसद किरण चौधरी ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि देश की जनता ने बार-बार प्रधानमंत्री मोदी को चुनकर यह साबित किया है कि भारत को विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए उनके नेतृत्व पर भरोसा है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में देश में कनेक्टिविटी के क्षेत्र में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। सड़कों, एक्सप्रेसवे और राष्ट्रीय राजमार्गों का व्यापक विस्तार किया गया है, जिससे विकास को नई गति मिली है। आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए केंद्र सरकार ने अनेक योजनाएं शुरू की हैं और महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए भी कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। किसानों को यूरिया और अन्य उर्वरकों पर दी जा रही सब्सिडी के मुद्दे पर भाजपा सांसद ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों और बढ़ती लागत के बावजूद केंद्र सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India

# अमृतसर में 20 करोड़ की हेरोइन पकड़ी, सीमा पार के तस्करों ने पहुंचाई खेप

अमृतसर/यूटर्न/10 जून। अमृतसर देहात पुलिस के थाना घरिंडा और बीएसएफ की संयुक्त टीम ने नशा तस्करों के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान के दौरान एक बड़ी सफलता हासिल की है। इस कार्रवाई में पुलिस और बीएसएफ ने करीब 3 किलो 50 ग्राम हेरोइन बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 20 करोड़ रुपये बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार सीमा क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद थाना घरिंडा पुलिस और बीएसएफ ने संयुक्त ऑपरेशन चलाया। टीम को कुल तीन पैकेट बरामद हुए, जिनमें से 2 पैकेटों में हेरोइन और एक पैकेट में अन्य नशीला पदार्थ पाया गया। बरामद किए गए नशीले पदार्थ का कुल वजन 3 किलो 50 ग्राम बताया गया है।



## नशा तस्करों पर अभियान जारी

पंजाब पुलिस ने साफ किया है कि नशा तस्करों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे। इस बड़ी बरामदगी को सीमा सुरक्षा और नशे के खिलाफ चल रही मुहिम में एक महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है।

## तस्करी नेटवर्क की जांच तेज

प्राथमिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि यह खेप सीमा पार से तस्करी के जरिए पंजाब में पहुंचाई जानी थी। हालांकि, सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता और समय रहते की गई कार्रवाई के चलते इस बड़ी खेप को पकड़ लिया गया। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि इस तस्करी नेटवर्क से कौन-कौन लोग जुड़े हुए हैं और इस खेप को किस तक पहुंचाया जाना था। अमृतसर देहाती पुलिस ने कहा है कि मामले की गहन जांच जारी है और जल्द ही इस पूरे नेटवर्क का पदार्फाश किया जाएगा।

# बीच लुक जैकलीन ने बढ़ाया इंटरनेट का पारा



*बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस एक बार फिर अपने ग्लैमरस अंदाज को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में सामने आई उनकी बीच वेकेशन की तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। फैंस उनके स्टाइल, फिटनेस और कॉन्फिडेंस की जमकर तारीफ कर रहे हैं। तस्वीरों के वायरल होते ही इंटरनेट पर उनकी चर्चा तेज हो गई है। वहीं, अभिनेत्री जल्द ही अपने आगामी प्रोजेक्ट्स की घोषणा कर सकती हैं, जिसका फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।*

# मिठाई के डिब्बे के बहाने आप नेता-सरपंच को मारी गोलियां, पोस्ट डाल कहा - जब भी टांगें देखेगा, हमें याद करेगा

पंजाब/यूटर्न/10 जून। पंजाब के बटाला क्षेत्र में आम आदमी पार्टी के यूथ विंग के जिला प्रधान और गांव कादियां राजपूतां के मौजूदा सरपंच गुरविंदर सिंह पर मंगलवार देर शाम जानलेवा हमला किया गया। बाइक पर आए अज्ञात हमलावरों ने उन्हें दो गोलिया मारीं और मौके से फरार हो गए। परिजन ने बताया है कि हमलावर मिठाई का डिब्बा लेकर आए थे। अचानक उन्होंने फायरिंग कर दी। सरपंच के दोनों पैरों में गोलियां लगी हैं। घायल अवस्था में उन्हें लोगों की मदद से बटाला के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत देखते हुए निजी अस्पताल रेफर कर दिया। इस बीच सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हो रही है, जिसमें हमले की जिम्मेदारी दो गैंगस्टरों आदेश जमाराये और निशान जोड़ियां ने ली है। पोस्ट में उन्होंने लिखा है कि यह सरपंच अब भी नहीं समझा तो अगली बार छाती पीतल से भर देंगे। जब भी अपनी टांगें देखेगा, हमें याद करेगा। हालांकि, पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि वायरल पोस्ट की अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।



## डिब्बा लेकर आए थे बाइक सवार

*सरपंच के चाचा मुखबैन सिंह ने बताया कि वह अपने भतीजे सरपंच और एक अन्य भतीजे के साथ बैठकर चाय-पानी पी रहे थे। जब हम तीनों बाहर निकले तो सामने से बाइक पर सवार दो युवक आए। उनसे पूछा गया कि वे किस काम से आए हैं, जिस पर उन्होंने कहा कि हम डिब्बा लेकर आए हैं। जब उनसे पूछा गया कि किस चीज का डिब्बा? तो दोनों युवकों ने बिना कुछ बताए अचानक फायरिंग शुरू कर दी।*

# बाहर लू का कहर, अंदर ठंड से बेहाल कर्मचारी: पीजीआई ब्लड बैंक में तापमान को लेकर उठे सवाल

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/10 जून। ट्राइसिटी इन दिनों भीषण गर्मी और लू की मार झेल रही है। चंडीगढ़ में मंगलवार को अधिकतम तापमान 42.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3.3 डिग्री अधिक रहा।

एक ओर जहां लोग गर्मी से राहत पाने के लिए जूझ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर पीजीआई चंडीगढ़ के ब्लड बैंक में कर्मचारी अत्यधिक ठंडे वातावरण से परेशान हैं। कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि विभाग में तापमान इतना कम रखा जा रहा है कि उन्हें ड्यूटी के दौरान जैकेट पहननी पड़ रही है और कई बार स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना भी करना पड़ रहा है।

पीजीआई के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग (ब्लड बैंक) में कार्यरत कर्मचारियों ने प्रशासन को लिखित शिकायत देकर बताया है कि लैब का तापमान लगातार 17 से 18 डिग्री सेल्सियस के बीच बनाए रखा जा रहा है, जबकि बाहर का तापमान 40 से 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है।



कर्मचारियों का कहना है कि इस अत्यधिक तापमान अंतर का सीधा असर उनकी सेहत पर पड़ रहा है। शिकायत में कहा गया है कि कई कर्मचारियों को बार-बार सर्दी, खांसी, गले में खराश और अन्य श्वसन संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कुछ कर्मचारी वायरल संक्रमण से भी प्रभावित हुए हैं। रात की शिफ्ट में काम करने वाले कर्मचारियों को ठंड से बचने के लिए जैकेट पहनकर ड्यूटी करनी पड़ रही है। वहीं कुछ कर्मचारियों ने अपने कार्यस्थल पर अस्थायी उपाय कर सीधे एसी की हवा से बचने की कोशिश की है। कर्मचारियों का आरोप है कि रिसेप्शन क्षेत्र में एयर कंडीशनर की हवा सीधे कार्यस्थल पर पड़ती है, जिससे सिरदर्द, गर्दन में जकड़न और शरीर दर्द जैसी समस्याएं भी सामने आ रही हैं। उनका कहना है कि इस संबंध में कई बार विभागाध्यक्ष को अवगत कराया गया, लेकिन अभी तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है।

Uturn Time 11 June 2026_Layout 2 10-06-2026 23:56 Page 12



# मदद कीजिए, जहाज डूब रहा है: अमेरिकी मिसाइल हमले के बाद भारतीय क्रू की मदद की गुहार

चंडीगढ़/यूटर्न/10 जून। ओमान के तट पर सोमवार को अमेरिकी नौसेना के हमले का शिकार हुए एक जहाज का ऑडियो क्लिप सामने आया है। इसमें 24 भारतीय क्रू सदस्यों में से एक ने अधिकारियों से प्लीज मदद करें की गुहार लगाई और बताया कि टैंकर एमटी मेरीवेक्स में आग लग गई है और वह डूब रहा है। पलाऊ के झंडे वाले इस टैंकर को अमेरिका ने ब्लैक-लिस्ट किया था और उस पर प्रतिबंध लगाए थे। ईरानी बंदरगाहों की अमेरिकी नाकेबंदी से बचने की कोशिश के दौरान इस पर मिसाइल से हमला हुआ। बाद में ओमान की सेना ने सभी 24 भारतीय क्रू सदस्यों को बचा लिया। क्रू सदस्य ने अधिकारियों को मदद के लिए किए गए कॉल में कहा, सर, यह मोटर टैंकर मेरीवेक्स है... हमारे जहाज में आग लग गई है और जहाज डूब रहा है। सदस्य ने कहा, अमेरिकी नौसेना का हमला हुआ है, हमारे इंजन रूम पर मिसाइल गिरी है। नीचे की तरफ छेद हो गया है। जहाज में आग लगी है, प्लीज मदद करें... प्लीज मदद करें, प्लीज मदद करें।




## सभी क्रू सदस्य भारतीय

उसने कहा, सभी क्रू सदस्य भारतीय हैं। कुल 24 क्रू सदस्य हैं, सभी भारतीय हैं। प्लीज जल्दी मदद करें, हमें तुरंत मदद की जरूरत है। मुंबई में इंडियन कोस्ट गार्ड के मैरीटाइम रेस्क्यू कोऑर्डिनेशन सेंटर (एमआरसीसी) को दोपहर करीब 2:20 बजे मसीराह के पास खड़े एमटी मेरीवेक्स पर मिसाइल हमले की जानकारी मिली। स्थिति पर नजर रखने और क्रू की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उसने तुरंत ओमान मैरीटाइम सर्च एंड रेस्क्यू सेंटर (ओएमएससी) से संपर्क किया।

## मदद के लिए हेलिकॉप्टर पहुंचा

खबरों के मुताबिक, इसके बाद ओमान की रॉयल एयर फोर्स का एक हेलिकॉप्टर दोपहर करीब 3:25 बजे मसीराह द्वीप के एयर बेस से उड़ा और 20 मिनट से ज्यादा समय में मेरीवेक्स की जगह पर पहुँचा। वीडियो में हेलिकॉप्टर को काम करते हुए देखा गया; वह जहाज के डेक के ऊपर उड़ रहा था और टैंकर पर मौजूद लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल रहा था। भारत के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, यह सफल बचाव अभियान अंतरराष्ट्रीय समुद्री सहयोग और इस क्षेत्र में समुद्री बचाव अधिकारियों के बीच मजबूत तालमेल की असरदार कार्यप्रणाली को दिखाता है।

# हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी बिजली को तरसे 500 परिवार, सुषमा वैलेंसिया के निवासियों में रोष

## हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी अंधेरे में 500 परिवार, पावरकॉम के खिलाफ फूटा गुस्सा

जीरकपुर/यूटर्न/10 जून। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा अस्थायी बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने के आदेश दिए जाने के बावजूद सुषमा वैलेंसिया हाउसिंग सोसायटी के 500 से अधिक परिवार अब भी बिजली के लिए भटक रहे हैं। भीषण गर्मी के बीच बिजली आपूर्ति न होने से निवासियों में पावरकॉम और प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है।

सोसायटी निवासियों का कहना है कि हाईकोर्ट के स्पष्ट निर्देशों के बाद उन्हें उम्मीद थी कि जल्द ही बिजली कनेक्शन मिल जाएंगे, लेकिन जब वे आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के लिए पावरकॉम कार्यालय पहुंचे तो उन्हें बताया गया कि उच्च अधिकारियों की मंजूरी अभी प्राप्त नहीं हुई है। इसके चलते सैकड़ों परिवारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निवासियों का आरोप है कि बिल्डर की कथित लापरवाही का खामियाजा वे वर्षों से भुगत रहे हैं। अब जब अदालत ने उनके पक्ष में फैसला सुनाया है, तब भी संबंधित अधिकारियों की ओर से कार्रवाई नहीं की जा रही। उनका कहना है कि यह न केवल उपभोक्ताओं के साथ अन्याय है, बल्कि अदालत के आदेशों की अनदेखी भी है।



- सुषमा वैलेंसिया सोसायटी के निवासियों का आरोप, मंजूरी के नाम पर टाली जा रही बिजली कनेक्शन प्रक्रिया; आंदोलन और कानूनी लड़ाई की चेतावनी।

सोसायटी के लोगों ने कहा कि भीषण गर्मी में बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों की हालत सबसे ज्यादा खराब हो रही है। बिजली न होने के कारण दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। इसके बावजूद मामले को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। निवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द बिजली कनेक्शन जारी नहीं किए गए तो वे दोबारा हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे और आदेशों की अवहेलना करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग करेंगे। साथ ही जरूरत पड़ने पर बड़े स्तर पर आंदोलन शुरू करने की भी चेतावनी दी है।

सोसायटी निवासियों का कहना है कि अब यह लड़ाई केवल बिजली कनेक्शन की नहीं, बल्कि अपने अधिकारों और न्याय की लड़ाई बन चुकी है। जब इस संबंध में पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) के अधिकारियों का पक्ष जानने के लिए उनसे संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनसे बात नहीं हो सकी। अधिकारियों का पक्ष मिलने पर उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।

# अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले लाखों परिवारों को बड़ी राहत की उम्मीद, पंजाब सरकार बनाएगी राज्य स्तरीय नीति



चंडीगढ़/यूटर्न/10 जून। पंजाब की अनधिकृत कॉलोनियों में वर्षों से बुनियादी सुविधाओं और कानूनी अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे लाखों परिवारों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने घोषणा की है कि राज्य सरकार ऐसी कॉलोनियों में रहने वाले लोगों की समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए एक व्यापक राज्य स्तरीय नीति तैयार करेगी। यह नीति पूरे पंजाब में समान रूप से लागू होगी और किसी एक शहर या जिले तक सीमित नहीं रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हजारों परिवारों ने जीवनभर की जमा पूंजी लगाकर अनधिकृत कॉलोनियों में प्लॉट खरीदे थे, लेकिन बाद में उन्हें पता चला कि इन कॉलोनियों को आवश्यक सरकारी मंजूरियां प्राप्त नहीं थीं। इसके चलते लोगों को रजिस्ट्रियों, बिजली-पानी के कनेक्शन, सीवरेज व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहना पड़ा। उन्होंने कहा कि इन परिस्थितियों के लिए आम नागरिक जिम्मेदार नहीं हैं, बल्कि कुछ कॉलोनाइजरों ने झूठे वादों और आकर्षक ब्रोशरों के जरिए लोगों को गुमराह किया। भगवंत मान ने स्पष्ट किया कि सरकार भोले-भाले खरीदारों और धोखाधड़ी करने वाले कॉलोनाइजरों के बीच स्पष्ट अंतर करेगी।

जहां प्रभावित परिवारों को राहत और कानूनी सुरक्षा प्रदान की जाएगी, वहीं नियमों की अनदेखी कर लोगों को ठगने वाले कॉलोनाइजरों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि जल्द ही वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक बुलाकर लोगों से प्राप्त सुझावों, लंबित कानूनी मामलों और वित्तीय पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य ऐसा व्यावहारिक समाधान तैयार करना है, जिससे प्रभावित परिवारों को सम्मानजनक जीवन और बुनियादी सुविधाएं मिल सकें। साथ ही मुख्यमंत्री ने लोगों से भविष्य में किसी भी प्रॉपर्टी में निवेश करने से पहले उसकी कानूनी स्थिति और संबंधित विकास प्राधिकरणों की मंजूरी की जांच करने की अपील की। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पंजाब सरकार नागरिकों के हितों की रक्षा और उन्हें न्याय दिलाने के लिए हरसंभव कदम उठाएगी।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372